
RNI-UPHIN/2009/30721

दिल्ली
अधिकतम तापमान 37 डिग्री
न्युनतम तापमान 27 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 37 डिग्री
न्युनतम तापमान 26 डिग्री

शुक्रवार 23 मई 2025
सुर्योदय प्रात: 05 :27 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 10 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज




पृष्ठ 4 सिंधु जल समझौते पर क्या होगा भारत का रुख?

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष: 16 | अंक : 217 | गाजियाबाद, शुक्रवार 23 मई 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
UPI ID: 300012627000246@cnrb
BHIM UPI
Canara ai1 CBDC Paytm Cred PhonePe Google Pay
DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE

NCR MASALA
India's Premium Masala
9410855900
ncrmasala@gmail.com
get online www.ncrmasala.com
गर्म मसाला, हल्दी, मिर्च, धनिया, जीरा व अन्य रसोई मसाले

# पाकिस्तान के साथ नो ट्रेड होगा नो टॉक, सिर्फ पीओके के बारे में बात : प्रधानमंत्री

✷ वेबवार्ता. बीकानेर ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत का रुद्र रुप एवं नया स्वरुप बताते हुए कहा है कि हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिलाया हैं और जो हिन्दुश्तान का लहू बहाते थे आज कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं एवं अपने प्रण पर खरे उतरे हैं तथा अब पाकिश्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक।

अगर बात होगी तो सिर्फ पीओके के बारे में ही होगी। श्री मोदी गुरुवार को यहां पलाना में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने दो टूक साफ कर दिया है कि हर आतंकवादी हमले की पाकिश्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, यह कीमत पाकिश्तान की सेना एवं अर्थव्यवस्था चुकायेगी। उन्होंने कहा कि पाकिश्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा।



अब भारतीयों के खून से खेलना पाकिश्तान को महंगा पड़ेगा। यह भारत का संकल्प हैं कि दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प से नहीं डिगा सकती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए सुरक्षा और समृद्धि दोनों जरुरी है। यह तभी संभव होगा जब भारत का कोना कोना मजबूत होगा। आज का यह कार्यक्रम भारत के तेज विकास का उदाहरण हैं।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था, पहलगाम में गोलिया चली थी उन गोलियों में 140 देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे और कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज देश की सेना के शौर्य से हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिसतना को घूटने टेकने पर मजबूर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि 22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतकवाद के नौ सबसे बड़े ठिकानों को तबाह कर दिया। दुनिया ने यह देख लिया कि जब सिंदूर बारुद बन जाता हैं तो नतीजा क्या होता हैं। यह संयोग ही है कि पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयर स्ट्राइक की थी तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में सीमा पर हुई थी। वीर भूमि का ही यह सब है ऐसा संयोग बन जाता है। अब आर्पेरशन सिंदूर हुआ उसके बाद पहली जनसभा वीर भूमि राजस्थान की सीमा पर बीकानेर में हुई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चुरु में कहा था "सौंगंध इस मिट्टी की, मै देश नहीं मिटने दूंगा। मैं देश नहीं झूकने दूंगा, आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता से कहना चाहता हू कि देश के कोने कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम चल रहा है। जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया हैं। उन्होंने कहा कि जो हिन्दुश्तान का लहू बहाते थे आज उस कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे आज वह मलबे के ढेर में दबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह शोध प्रतिशोध का खेल नहीं है यह न्याय का नया स्वरुप हैं, यह आपॅरेशन सिंदूर हैं। यह सिर्फ आक्रोश नहीं है, यह समश्त भारत का रुद्र रुप हैं, यह भारत का नया स्वरुप हैं।

## एनएचएआई को राजमार्गों पर अनधिकृत कब्जा रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने का न्यायालय का निर्देश

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को राजमार्ग की भूमि पर अनधिकृत कब्जे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने और गश्त करने के लिए पुलिस अधिकारियों की निगरानी टीम बनाने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने केंद्र को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल ऐप्लिकेशन की उपलब्धता का व्यापक प्रचार करने का भी निर्देश दिया है। एनएचएआई ने 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल ऐप्लिकेशन पेश किया है जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए व्यापक जानकारी और प्रभावी शिकायत निवारण प्रदान करना है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने अजमेर शरीफ दरगाह के खातों के कैग अंकेक्षण पर अंतरिम रोक लगाई

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अजमेर शरीफ दरगाह के खातों के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा प्रस्तावित अंकेक्षण पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने राजस्थान के अजमेर स्थित अंजुमन मोइनिया फखरिया चिश्तिया खुद्दाम ख्वाजा साहब सैयदजादगान दरगाह शरीफ और एक अन्य पंजीकृत सोसायटी की याचिकाओं पर अंतरिम रोक लगाई। न्यायालय ने 14 मई के अपने आदेश में याचिकाकर्ताओं की इस दलील को प्रामाणिक पाया कि मामले में कैग अधिनियम की धारा 20 के तहत आवश्यक शर्तें पूरी नहीं की गईं। यह प्रावधान कुछ प्राधिकरणों या निकायों के खातों के अंकेक्षण से संबंधित है।

## वक्फ कानून पर अंतरिम आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रखा आदेश सुरक्षित

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

देश की सुप्रीम अदालत ने आज वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिन की सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तीन दिन सभी संबंधित पक्षों की दलीलें विश्तारपूर्वक सुनीं। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी की अगुवाई में याचिकाकर्ताओं की ओर से अंतरिम राहत की गुहार लगायी गयी जबकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केन्द्र सरकार का पक्ष रखते हुए संशोधित कानून को सही ठहराया।

सुनवाई के दौरान श्री सिब्बल और श्री सिंघवी ने विभिन्न दलीलों के माध्यम से नये प्रावधानों के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्वरूप में यह कानून मौलिक धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।श्री सिब्बल ने कहा कि नये कानून के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिमों के प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने दावा किया कि इस प्रकार के प्रावधान से वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन का अधिकार कमजोर हो गया है। परिषद में 11 में से सात सदस्य गैर-मुस्लिम हो सकते हैं। संसद ने बने कानून की संवैधानिकता की धारणा पर मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी का जवाब देते हुए अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि अगर कानून पर रोक नहीं लगायी गयी तो इससे अपूरणीय क्षति होगी, खासकर तब जब जिला कलेक्टर को यह तय करने का अधिकार दिया गया है कि कोई संपत्ति वक्फ है या सरकारी स्वामित्व वाली है।

सॉलिसिटर जनरल ने केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए याचिकाकर्ताओं के रुख का कड़ा विरोध किया।

# ईडी सारी हदें पार कर रहा है : सुप्रीम कोर्ट




✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (तस्माक) पर छापेमारी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही कहा कि ईडी सभी सीमाएं लांघ रहा है।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने ईडी की कार्रवाई पर गहरी चिंता व्यक्त की और तीन बार दोहराया कि एजेंसी अपनी सीमाएं लांघ रही है। सरकारी शराब विक्रेता पर ईडी की छापेमारी के बाद कार्रवाई पर रोक लगाने से पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईडी अपनी सारी सीमाएं लांघ रही है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, विधि अधिकारी ने आदेश का विरोध करते हुए कहा कि यह मामला 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के भ्रष्टाचार से जुड़ा है और ईडी कम से कम इस मामले में सीमाएं पार नहीं कर रहा है। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अमितानंद तिवारी की दलीलों पर गौर किया कि राज्य ने स्वयं 2014 से शराब की दुकानों के लाइसेंस आवंटन से संबंधित मामलों में 40 से अधिक एफआईआर दर्ज की हैं और अब ईडी ने भी इसमें हश्तक्षेप करते हुए टीएएसएमएसी पर छापेमारी की है।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि प्रवर्तन निदेशालय संघीय सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है, वह तस्माक पर छापा कैसे मार सकता है? पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय को अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। प्रवर्तन एजेंसी ने कहा कि इस मामले में गंभीर वित्तीय कदाचार शामिल है। यह स्थगन तमिलनाडु सरकार द्वारा तस्माक परिसरों पर ईडी की छापेमारी को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में दिया गया।

बीजेपी को बड़ा झटकाः डीएमके वरिष्ठ डीएमके नेता आरएस भारती ने इसे डीएमके नीत राज्य सरकार को बदनाम करने के भाजपा के प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका बताया और ईडी को "ब्लैकमेल करने वाला संगठन" करार दिया।

भारती ने कहा कि तमिलनाडु में एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार, जिसने 2021 में सत्ता संभाली है, तब से लोकप्रियता हासिल कर रही है और मुख्यमंत्री का कद बढ़ रहा है।

# राष्ट्रपति ने 6 कीर्ति चक्र और 33 शौर्य चक्र प्रदान किये



## सशस्त्र बलों के रणबांकुरों हुए सम्मानित

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरूवार को यहां रक्षा अलंकरण समारोह में सशस्त्र बलों, केन्द्रीय पुलिस बलों तथा राज्यों के पुलिसकर्मियों को वीरता तथा अदम्य साहस के लिए छह कीर्ति चक्र और 33 शौर्य चक्र प्रदान किये।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में दिये गये कुल पुरस्कारों में से चार कीर्ति चक्र और सात शौर्य चक्र मरणोपरांत प्रदान किये गये हैं। वीरता पुरस्कार अपनी जान की परवाह किये बिना कर्तव्य पालन के दौरान अदम्य साहस तथा अद्वितीय बहादुरी का प्रदर्शन करने वाले वीरों को दिये जाते हैं। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री तथा वरिषठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे।

ये पुरस्कार जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंकवाद विरोधी अभियानों से संबंधित विभिन्न अभियानों के दौरान बहादुरी के लिए दिये गये। इन अभियानों के दौरान खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया, उन्हें पकड़ा गया, तथा हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए।

भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने समुद्री डकैती विरोधी अभियानों का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप समुद्री डाकुओं ने आत्मसमर्पण किया और बंधकों को बचाया, साथ ही जलते हुए तेल टैंकर पर अग्निशमन अभियानों के दौरान भी बहादुरी का प्रदर्शन किया।

भारतीय वायु सेना के पुरस्कार विजेताओं ने जान-माल के किसी भी नुकसान से बचने के लिए नागरिक क्षेत्रों से दूर युद्धाभ्यास करते हुए विमान को बचाने के दौरान खतरनाक परिस्थितियों में अत्यधिक साहस दिखाया। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न अभियानों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों ने वीरतापूर्ण कार्य किया।

## मोदी ने छत्तीसगढ़ के 5 अमृत स्टेशन सहित 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का किया उद्घाटन

✷ वेबवार्ता. रायपुर ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पांच अमृत स्टेशन सहित देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करते हुए कहा कि इन स्टेशनों का उन्नयन यात्रियों को विश्वश्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के जिन अमृत स्टेशनों का उद्घाटन हुआ उनमें बिलासपुर मंडल का अम्बिकापुर स्टेशन, रायपुर मंडल का उरकुरा, भिलाई एवं भानुप्रतापपुर स्टेशन तथा नागपुर मंडल का डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आदिवासी बहुल सरगुजा जिले का मुख्यालय अंबिकापुर सहित राज्य के पांच रेलवे स्टेशन देश के मानचित्र में प्रमुख स्टेशन के रूप में दिखेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में अमृत स्टेशनों के सौगात के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है।गौरतलब है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में कुल 1337 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिनमें से स्टेशनों के आधुनिकीकरण का कार्य पूर्ण होने वाले 103 अमृत स्टेशनों का आज लोकार्पण किया गया। इन स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप दिया गया है।

साथ ही स्थानीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को भी स्टेशन डिज़ाइन में स्थान दिया गया है।

# रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटंस को 33 रनों से हराया



✷ वेबवार्ता. अहमदाबाद ✷

मिचेल मार्श (117) और निकोलस पूरन (नाबाद 56) की आतिशी पारियों के बाद विलियम ओरूर्क (तीन विकेट), आवेश खान और आयुष बडोनी (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जांयट्स ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 33 रनों से हरा दिया।

आज यहां गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर लखनऊ सुपर जांयट्स का पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एडन मारक्रम मिचेल मार्श की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 91 रन जोड़े। 10वें ओवर में साई किशोर ने मारक्रम 24 गेंदों में (36) रन को आउटकर गुजरात को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये तीसरे बल्लेबाज निकोलस पूरन ने मिचेल मार्श के साथ दूसरे विकेट लिए 121 रनों की साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों ने गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की खूब खबर ली। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर अरशद खान ने शतकवीर मिचेल मार्श को आउटकर पवेलियन भेजा। मिचेल मार्श ने 64 गेंदों में 10 चौके और आठ छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 235 रन बनाकर आईपीएल का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। निकोलस पूरन ने 27 गेंदों में पांच छक्के और चार चौके लगाते हुए (नाबाद 56) रन बनाये। कप्तान ऋषभ पंत छह गेंदों में (16 )रन बनाकर नाबाद रहे।

गुजरात टाइटंस के लिए साई किशोर और अरशद खान ने एक-एक विकेट लिये। 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। पांचवें ओवर में विलियम ओरूर्क ने साई सुदर्शन 16 गेंदों में (21) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। आठवें ओवर में आवेश खान ने तेजी के साथ रन बना रहे कप्तान शुभमन गिल को आउटकर लखनऊ को दूसरी सफलता दिलाई। गिल ने 20 गेंदों में सात चौकों की मदद से (35) रन बनाये। गुजरात का तीसरा विकेट 10वें ओवर में जॉस बटलर 18 गेंदों में (33) रन के रूप में गिरा। उन्हें आकाश सिंह ने बोल्ड आउट किया।

## अमेरिकी ऋण में बढ़ोतरी की चिंता, बाजार में भूचाल

✷ वेबवार्ता. मुंबई ✷

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक से अमेरिका के सार्वजनिक ऋण में भारी बढ़ोतरी होने तथा ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय श्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में भूचाल आ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक श्तर के नीचे 80,951.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.75 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक श्तर से नीचे 24609.70 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा।

## भाकपा की सशस्त्र शाखा में युवाओं की भर्ती के लिए दो आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

एनसीआर टुडे. नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन भाकपा (माओवादी) की सशस्त्र शाखा में युवाओं की भर्ती से संबंधित 2022 के मामले में दो और आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए हैं। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

# आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं, कश्मीर पर किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं : जयशंकर

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए,जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है।नीदरलैंड की यात्रा पर गये श्री जयशंकर ने 'दे वोक्सक्रांत' पत्रिका को दिये साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्वाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए।

आतंकवाद को जम्मू कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर श्री जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा , इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीयमुद्दा है।



विदेश मंत्री ने कहा ," जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि 1947 में पाकिस्तान के भारत से अलग होने पर यह भारत में शामिल हो गया। हमारा रुख यह है कि अवैध रूप से कब्जा करने वालों को अवैध कब्जे वाले हिस्सों को सही मालिक को वापस करना चाहिए, और सही मालिक भारत है।" विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवादियों ने इस हमले से जम्मू-कश्मीर में जीवंत पर्यटन उद्योग को निशाना बनाया। आतंकवादी और उनके समर्थक अपने बहुत सीमित और स्वार्थी उद्देश्यों के लिए कश्मीर में चीजों को नष्ट करने पर तुले हैं। उन्होंने जानबूझकर हमले को धार्मिक रंग दिया। दुनिया को इस तरह की हरकतों को स्वीकार नहीं करना चाहिए।

श्री जयशंकर ने पाकिस्तान को आतंकवाद का केन्द्र करार देने और आतंकवादियों को पाकिस्तान सरकार से समर्थन मिलने के भारत के दावे के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह एक बार फिर इस बात को दोहरा रहे हैं।

## रुचिका हत्याकांड में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल

✷ एनसीआर टुडे. धामपुर ✷

10 दिन से गायब लडकी का 19 मई को परिजनों की तहरीर के आधार पर मृतिका रुचिका का शव धामपुर की बड़ी पोषक नहर में पाया गया था।इस सूचना पर थाना कोतवाली धामपुर पुलिस प्रशासन की टीम ने पहुंचकर मृतक लड़की की सूचना परिवार को दी। वही प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। बताया जा रहा है कि मृतक लड़की का किसी लड़के के साथ अफेयर भी चल रहा था।

लड़की एक ब्यूटी पार्लर पर काम कर रही थी। जिसको लेकर प्रेमी पर मृतक के परिजनों ने प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया। और हत्या का आरोप लगाकर भारी संख्या में थाने पहुंचे। मृतक लड़की के परिवार व ग्रामीणों ने थाने मे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया मौके पर पहुंचे ए.एस.पी पूर्वी अमित किशोर श्रीवाश्तव ने थाने पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। जिसके बाद समझा बुझाकर मामले को शांत किया। वहीं ए.एस.पी पूर्वी अमित किशोर श्रीवाश्तव ने धामपुर पुलिस प्रशासन के मामले की जांच पड़ताल कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वही आरोपी पिता मम्मी और मुख्य आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल।

## नाबालिग से बलात्कार के दोषी 80 वर्षीय चित्रकार को 20 साल की जेल

✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷

नोएडा में नाबालिग से बलात्कार के दोषी 80 वर्षीय चित्रकार को अदालत ने 20 साल कारावास की सजा सुनाई है और उस पर जुर्माना भी लगाया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय, गौतमबुद्ध नगर में अतिरिक्त सत्र एवं विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) प्रथम की अदालत ने नाबालिग से बलात्कार के मामले में बुधवार को आरोपी मोरिस राइडर को दोषी करार दिया।

अदालत ने दोषी को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में दोषी को एक साल और कारावास की सजा भुगतनी होगी। उन्होंने बताया कि दो अन्य धाराओं में उस पर सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

## तस्कर 10 लाख के गांजा के साथ गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷

फेज-2 थाने की पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर करीब 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया। गांजे की बाजार कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार किए आरोपी ओडिशा और विशाखापट्टनम से ट्रेन के जरिये गांजा एनसीआर में लाते थे।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बुधवार को सूचना के आधार पर ककराला गांव से गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान पश्चिम बंगाल के जिला मुर्शिदाबाद के मावड़ा गांव निवासी रंजन प्रधान और जयंत मंडल के रूप में हुई। रंजन आठवीं और जयंत नौवीं पास है। दोनों आरोपी पिछले तीन-चार माह से एनसीआर में सक्रिय हैं। ये लोग कॉलेज, पीजी और आसपास के क्षेत्र में स्थानीय एजेंट को गांजे की तस्करी करते थे।

## खुदकुशी का पोस्ट करने वाली युवती को बचाया

✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷

फेज-2 थाने की पुलिस ने बुधवार शाम मेट्रो के आगे कूदकर खुदकुशी करने की पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने वाली युवती को समय रहते बचा लिया। पुलिस टीम ने उसकी काउंसलिंग कराई तो युवती ने भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया। एक ही सप्ताह में इस तरह का यह दूसरा मामला है।

सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सेक्टर-129 निवासी युवती इंग्लिश ऑनर्स की छात्रा है। उसने बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। वीडियो में वह मेट्रो के आगे कूदकर जान देने की बात कर रही थी।

## शादी का झांसा देकर महिला ने शख्स से एक करोड़ की रंगदारी मांगी

✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷

थाना बिसरख में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक महिला ने शादी का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसाया और लाखों रुपए ठगे।

अब महिला उसकी जान को खतरा बताते हुए एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांग रही है। पैसे न देने पर महिला ने हत्या करवाने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है, जिससे पीड़ति डरा-सहमा हुआ है। पीड़ित नारायण, जो जनपद मथुरा का रहने वाला है और समाजसेवी के तौर पर यूट्यूब व फेसबुक पर वीडियो बनाता है, ने बताया कि फेसबुक पर उसकी मुलाकात सान्वी कपूर नाम की महिला से हुई।

# यूपी में ताबड़तोड़ छापेमारी में कई को उठाया

## डिजिटल अरेस्ट कर लाखों लूटने वाले 4 पकड़े

**मेरठ, एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक कारोबारी को डिजिटल अरेस्ट कर 77 लाख रुपये वसूलने वाले चार आरोपियों को फरीदाबाद साइबर थाना एनआईटी ने गिरफ्तार किया है। तीन आरोपियों को हरियाणा और पंजाब से गिरफ्तार किया है, जबकि चौथा आरोपी मेरठ का स्पोर्ट्स कारोबारी है, जिसे बुधवार शाम को उठाया गया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों का पांच दिन का रिमांड भी लिया है और पूछताछ की जा रही है। फरीदाबाद के नालंदा अपार्टमेंट निवासी राजेन्द्र शर्मा के पास 22 अप्रैल को एक व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया था।



बताया जा रहा है कि कॉल करने वाला युवक पुलिस की वर्दी में था। उसने राजेंद्र शर्मा को बताया कि वह मुंबई पुलिस से है। राजेंद्र शर्मा के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर कैनरा बैंक में अकाउंट खुलवाया गया है और जेट एयरवेज के मालिक से की गई धोखाधड़ी की रकम इसी खाते में डलवाई गई थी। मुकदमा दर्ज किया गया था और इस मामले में राजेंद्र दास का वारंट जारी हुआ है। इस मामले को निपटाने के लिए राजेंद्र शर्मा को धमकाया गया।

राजेंद्र शर्मा ने 77 लाख रुपये आरोपियों के बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। बाद में राजेंद्र शर्मा ने एक मुकदमा ऑनलाइन दर्ज कराया था। बुधवार को टीम ने इसी मामले में केशव निवासी अग्रवाल कालोनी कैथल हरियाणा, सुरेंद्र निवासी गांव घौला जींद और 48 वर्षीय प्रवेश निवासी अशोक कालोनी कैथल को जिरकपुर पंजाब से गिरफ्तार किया है।

### मेरठ में ताबड़तोड़ छापे कई को उठाया

फरीदाबाद साइबर क्राइम एनआईटी थाना पुलिस की टीम ने बुधवार को मेरठ में अलग अलग जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। व्यापारी अंकित सोम के अलावा भी चार लोगों को उठाया गया है। इन सभी के खातों में हरियाणा के व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर हड़पी गई रकम आई थी। इसी को लेकर सभी आरोपियों को उठाकर पूछताछ की जा रही है।

# धुले जिले के दौरे के दौरान महाराष्ट्र विधानमंडल की समिति को रिश्वत देने का प्रयास हुआः संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धुले जिले के दौरे के दौरान राज्य विधानमंडल की प्राक्कलन समिति को 'रिश्वत' देने की कोशिश को नाकाम कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



राउत ने बुधवार रात को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि धुले शहर में सरकारी अतिथि गृह के एक कमरे में पांच करोड़ रुपये से अधिक की नकदी मिली। राज्यसभा सदस्य ने दावा किया, ''जब विधानमंडल की प्राक्कलन समिति ने आज (बुधवार को) धुले जिले का दौरा किया तब समिति को रिश्वत देने के लिए धुले के सरकारी विश्राम गृह गुलमोहर के कमरा नंबर 102 में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपये रखे गए थे।''

राउत ने कहा कि शिवसेना के पूर्व विधायक अनिल अन्ना गोटे और स्थानीय शिवसेना (उबाठा) नेताओं ने कमरे को बंद कर दिया और बाहर पहरा देने लगे। उन्होंने आरोप लगाया, ''जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सूचित करने के बावजूद चार से पांच घंटे बीत गए और कोई नहीं आया... प्रशासन की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला। रिश्वत का उद्देश्य विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और इसमें अधिकारियों की संलिप्तता को दबाना था।'' राउत ने बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के विधायक अर्जुन खोतकर समिति के अध्यक्ष हैं। प्राक्कलन समिति को राज्य बजट में किसी विशेष क्षेत्र को आवंटित धन के उपयोग की जांच करने का अधिकार है। इस बीच, धुले के पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धीवरे ने संवाददाताओं से कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## वट सावित्री त्योहार 27 को ही मानना बेहद श्रेष्ठ कर बेहद - आचार्य गौरीशंकर भारद्वाज

✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷

इस वर्ष २०२५ संवत २०८२ नाके १९४७ के वट सावित्रीव्रत ज्येष्ठकृष्ण अमावस्या वटसावित्री पर्व के विषय में :-



पूर्णिमा और (वटसावित्री व्रत) अमावस्या तिथि पूर्वविद्धा ग्रहण करनी चाहिए, उत्तम सावित्री व्रत को छोड़कर चतुर्दशी विद्धा अमावस्या तथा पूर्णिमा नहीं करनी चाहिए।

पूर्णिमामावास्ये पूर्वविद्धे ग्राह्ये।भूत विद्धा न कर्तव्या अमावास्या च पूर्णिमा। वर्जयित्वा नरश्रेष्ठ सावित्रव्रतमुत्तमम्।। ब्रह्मवैवर्त।

सावित्री व्रत को छोड़कर चतुर्दशी तिथि से विद्धा अमावस्या में व्रत को न करें।।।

भूत विद्धा सिनीवाली न तु तत्र व्रतं चरेत।वर्जयित्वा तु सावित्री व्रतं तु शिखिवाहन।। स्कन्द।

परंतु.... प्रतिपदा पंचमी तद् व्रतसंबंधी अमावास्या तद् व्रत संबंधि पूर्णिमा नवमी और दशमी तिथि परविद्धा हो तो उपवास न करें।।

प्रतिपत्पञ्चमी भूतसावित्री वटपूर्णिमा। नवमी दशमी चैव नोपोष्याःपरसंयुताः।। ब्रह्मवैवर्त

जब १८ घड़ी चतुर्दशी तिथि हो तो परा ग्रहण करनी चाहिए सावित्री व्रत में पंचदशी अर्थात पूर्णिमा तिथि में पूर्व विद्धा ही ले। यदि चतुर्दशी तिथि १८ घड़ी हो तो दूसरे दिन में करें।

यदात्वष्टादशघटिका चतुर्दशी तदा पराग्राह्या।पूर्वविद्धैव सावित्रीव्रते पंचदशी तिथिः।नाड्योऽष्टादश भूतस्यस्युश्चैतच्च परेऽहनि।।

चूंकि २६ मई सन २०२५ ई दिन सोमवार को चतुर्दशी तिथि १६ घटी ४५ पल भोग कर रही है जो की १८ घटि से कम है और २७ मई २०२५ ई. भौमवार को अमावास्या ७घटि ३७पल सुर्योदययुक्त है,इस मत से उस दिन(सोमवार को) व्रत किया जाना चाहिए परंतु यदि चतुर्दशी तिथि से अमावस्या युक्त हो रही हो तो वह उस व्रत के फल को नष्ट कर देती है इसलिए हमें उत्तरविद्धा अमावस्या ग्रहण करनी चाहिए जो की सावकाश की स्थिति में आती है। सावकाशत्वाद्विशेषतः। अष्टादश व्यापिनी चतुर्दशी उत्तर तिथि को दूषित करती है। यह वाक्य वटसावित्री व्रत से भिन्न व्रतों में लागू होने के कारण वट सावित्रीव्रत में पूर्वविद्धा तिथि का विधान करने से सावित्री व्रत में लागू नहीं किया जा सकता है। इसको सावकाश और नीरवकाश अर्थात इतर व्रत में चतुर्दशी तिथि का उत्तर तिथि दोष सावकाश अगर प्रकृत (वटसावित्री) में स्वीकार हो तो पूर्वद्धा वाक्य का उदाहरण नहीं मिलेगा इसको निवकाश कहा जाता है।।

अतः उपयुक्त विश्लेषण के अनुसार वटसावित्री व्रत २७ मई सन २०२५ ई. दिन मंगलवार को करना श्रेष्ठ है ।

अमावास्याभौमसोमवारयुता स्नानदानादौ महापुण्या

सोमवार और मंगलवार से युक्त अमावस्या स्नान दान आदि में बहुत पवित्र है.. इसलिए इस अमावस्या पर अधिक से अधिक स्थान दान आदि करके पुण्य का लाभ लें।

वटसावित्री व्रत २७ मई २०२५ दिन मंगलवार को श्रेष्ठ है।।

# फिर से जांची जाएंगी अंग्रेजी की कॉपियां, हिमाचल बोर्ड का बड़ा फैसला

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 12वीं कक्षा की अंग्रेजी की उत्तरपुस्तिकाओं का फिर से मूल्यांकन करेगा। बोर्ड ने बुधवार को कहा कि अंकों के संकलन में मानवीय त्रुटि के कारण गलत उत्तर कुंजी अपलोड हो गई थी, जिससे कई छात्रों को कम अंक मिले। हिमाचल प्रदेश बोर्ड का कहना है कि इन कॉपियों की फिर से जांच की जाएगी,



इसमें छात्रों के नंबर घटाए नहीं जाएंगे। यह परीक्षा मूल रूप से आठ मार्च को होनी थी, लेकिन सात मार्च को चंबा जिले के चौरी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों द्वारा कक्षा दसवीं की जगह गलती से कक्षा बारहवीं का प्रश्नपत्र खोले जाने के कारण इसे रद्द कर 29 मार्च को दोबारा आयोजित किया गया था। बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किए गए थे, जिसके बाद कई छात्रों ने अंग्रेजी में कम अंक आने की शिकायत की। यह मामला हिमाचल प्रदेश सरकारी शिक्षक संघ और निजी स्कूल संघों द्वारा उठाया गया, जिसके बाद शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बोर्ड को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि जांच में पाया गया कि मानवीय त्रुटि के कारण रद्द किए गए प्रश्नपत्र की गलत उत्तर कुंजी अपलोड हो गई थी। बोर्ड ने इस त्रुटि को स्वीकार करते हुए कहा कि जिन छात्रों को कम अंक मिले हैं, उनकी कॉपियां फिर से जांची जाएंगी और केवल अंक बढ़ाए जाएंगे, घटाए नहीं जाएंगे। संशोधित परिणाम जल्द जारी किए जाएंगे।

# गहलोत बोले-हम जादूगर हैं, ट्रिक करते हैं...

## डोटासरा को बताया सियासी ट्रिक का हिस्सा!




**जयपुर, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में आयोजित राजीव गांधी पुण्यतिथि कार्यक्रम में अपने राजनीतिक अनुभवों, पार्टी में अपनी भूमिका और कांग्रेस के आंतरिक सियासी समीकरणों पर बेबाक टिप्पणी कर नई सियासी बहस छेड़ दी है। खास बात यह रही कि उन्होंने एक बार फिर अपने 'जादू' वाले अंदाज में सियासी संकेतों की ट्रिक दिखाई - इस बार निशाने पर रहे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और साल 2020 का पायलट खेमे का बगावती दौर।

गहलोत ने कहा, तीन बार मुख्यमंत्री बनना बड़ी बात है। तीसरी बार तो आप जानते हैं... सरकार बच गई, वह तो चमत्कार ही था। यह तो हाईकमान का आशीर्वाद और आपकी दुआओं से ही संभव हो सका। वरना पांच साल पूरे करने का सवाल ही नहीं था। डोटासरा भी उसी की देन हैं। उनके इस बयान को सीधे तौर पर 2020 में सचिन पायलट खेमे की बगावत और उसके बाद बने सियासी हालात से जोड़कर देखा जा रहा है, जब पायलट को डिप्टी सीएम और प्रदेशाध्यक्ष पद से हटाकर डोटासरा को अध्यक्ष बनाया गया था।

राजनीतिक विश्लेषक इसे गहलोत का एक 'मैसेज' मान रहे हैं – खासकर तब जब विधानसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस राजस्थान में नए सिरे से समीकरण साध रही है।

## एक लाख का इनामी बदमाश ज्ञानचंद एसटीएफ से मुठभेड़ में घायल

**बाराबंकी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में बुधवार को रामनगर क्षेत्र के चौकाघाट इलाके में एसटीएफ ने मुठभेड़ के दौरान एक लाख रुपए के इनामी अपराधी ज्ञानचंद पासी को घायल हालत में गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी पुष्टि एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने की है। पुलिस ने बताया कि यूपी के गोंडा जिले में लंबे समय से फरार शातिर अपराधी ज्ञान की एसटीएफ से मुठभेड़ हो गई, जिसमें वह घायल हो गया। उसके ऊपर एक लाख रुपए का इनाम रखा गया था। पुलिस को उसके पास से एक अवैध पिस्टल, एक राइफल और एक बंदूक एवं भारी मात्रा में कारतूस भी मिले।

उन्होंने बताया कि एक लाख का इनामी ज्ञानचंद पासवान पर हत्या–डकैती, चोरी समेत 70 से अधिक आपराधिक इतिहास दर्ज थे। एसटीएफ टीम को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने बताया कि 24/25 अप्रैल की रात घर में डकैती के दौरान बदमाश युवक के घर में घुसे थे। जगने पर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि ज्ञानचंद पर हत्या, डकैती और लूट समेत 70 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज थे।

# शिमला में संजौली मस्जिद के बाहर हंगामा, हनुमान चालीसा का पाठ

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल की राजधानी शिमला के सबसे बड़े उपनगर संजौली में स्थित विवादित मस्जिद को लेकर एक बार फिर माहौल गरमा गया है। मंगलवार शाम हिंदू संगठन देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्यों ने मस्जिद के बाहर सड़क पर हनुमान चालीसा का पाठ कर विरोध जताया। वे मस्जिद स्थल की ओर बढ़ रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर जाने से रोका। इसके बाद उन्होंने सड़क पर ही बैठकर पाठ शुरू कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

संघर्ष समिति के सह-संयोजक विजय शर्मा ने कहा कि मस्जिद को अवैध घोषित किया गया है। ऐसे में इस विवादित स्थल पर किसी भी प्रकार की नमाज की अनुमति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मस्जिद जिस भूमि पर यह बनी है, वह जमाबंदी में देवस्थान के रूप में दर्ज है। विजय शर्मा ने चेतावनी दी कि अगर शुक्रवार को नमाज अदा की गई तो पूरे प्रदेश से सनातनी संजौली पहुंचेंगे और बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रशासन ने उन्हें हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका है तो मुस्लिम समुदाय को भी वहां नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

**बिजली-पानी काटने और आवाजाही पर रोक की मांग-** वहीं देवभूमि संघर्ष समिति के एक अन्य सह-संयोजक मदन ठाकुर ने आरोप लगाया कि कुछ बाहरी लोग शिमला में अवैध रूप से रह रहे हैं और प्रशासन उन्हें रोकने में विफल रहा है। उन्होंने मांग की है कि विवादित मस्जिद स्थल की बिजली-पानी की आपूर्ति तत्काल काटी जाए और वहां आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही उन्होंने चेताया कि यदि शुक्रवार को दोबारा नमाज हुई, तो वह अंतिम जुमे की नमाज होगी, इसके बाद संघर्ष से भी परहेज नहीं किया जाएगा। उन्होंने पूछा कि जब हिंदू समुदाय कानून का पालन कर रहा है तो मुस्लिम समुदाय को भी संविधान और इस्लाम के नियमों का पालन करना चाहिए।



मदन ठाकुर ने कहा कि उन्हें सड़क पर बैठाकर हनुमान चालीसा पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया कि उनकी सुरक्षा की गई लेकिन सवाल उठाया कि अगर समय रहते सुरक्षा न मिलती तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

### नगर निगम अदालत ने दी थी ढहाने की अंतिम चेतावनी

गौरतलब है कि संजौली मस्जिद को लेकर पिछले कुछ समय से विवाद चला आ रहा है। नगर निगम शिमला के आयुक्त भूपिंदर अत्री की अदालत ने 3 मई 2025 को मस्जिद के पूरे निर्माण को अवैध करार देते हुए इसे ध्वस्त करने का आदेश जारी किया था। इससे पहले 5 अक्टूबर 2024 को अदालत ने मस्जिद की ऊपरी तीन मंजिलें गिराने को कहा था। मस्जिद कमेटी को दो महीने का समय मिला था लेकिन समय पर निर्माण नहीं हटाया गया। बाद में दो बार और मोहलत मांगी गई परंतु अब भी एक मंजिल और पिलर अधूरे हैं। दरअसल मस्जिद का निर्माण रिहायशी इलाके के बीच है जिससे प्रशासन के लिए ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया आसान नहीं रही। सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था की दृष्टि से प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है।

**11 सितंबर को भी खूब हुआ था हंगामा-** संजौली मस्जिद विवाद अगस्त 2024 में उस वक्त सुर्खियों में आया, जब शहर के मल्याणा क्षेत्र में दो समुदायों के बीच झड़प हो गई थी। इसमें एक व्यक्ति घायल हुआ था। इसके बाद 1 सितंबर को मस्जिद के बाहर तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई। 11 सितंबर को हिंदू संगठनों ने मस्जिद के अवैध निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन किया जो हिंसक हो गया और पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। कई प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

## संपादकीय

# आतंक के खिलाफ कैसी लड़ाई

इजरायल ने गाजा पट्टी में नरक से बदतर हालात बना रखे हैं। वह गाजा में हमास के आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने का दावा करता रहा है। गाजा के लोग घुन की तरह पिस रहे हैं। इजरायल के हवाई हमलों में 54, 000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, गाजा के 9.3 लाख बच्चे (करीब 93 फीसदी) भुखमरी की गिरफ्त में हैं।

अब तक 57 बच्चे कुपोषण के कारण जिंदगी गंवा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक उच्च अधिकारी का आकलन है कि यदि मानवीय सहायता यथाशीघ्र नहीं पहुंची, तो करीब 14000 नवजात शिशु कभी भी दम तोड़ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि उसके पास करीब 500 बच्चों के इलाज के लायक ही सामग्री बची है। गाजा में खाद्य पदार्थों और ईंधन आदि रसद पर भी इजरायल की नाकेबंदी है। इजरायल गाजा पर कब्जा करना चाहता है, लेकिन आवरण आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का है।

अब अमरीका ने भी इजरायल को धमकी देना शुरू कर दिया है और ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, कुछ यूरोपीय देशों ने बयान जारी कर इजरायल की आतंकी लड़ाई को खारिज किया है और चेतावनी दी है कि यदि गाजा की 21 लाख आबादी के लिए पर्याप्त खाद्य और ईंधन की आपूर्ति तय नहीं की गई, तो उसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का उल्लंघन माना जाएगा। इजरायल के पूर्व जनरल एवं विपक्षी नेता यायर गोलान प्रधानमंत्री नेतन्याहू की ऐसी युद्ध-नीति के घोर आलोचक हैं। उनका मानना है कि कोई भी सभ्य देश बच्चों की हत्या का शौक नहीं पालता।

लोगों को विस्थापित करने के लक्ष्य नहीं बनाता। यह आतंकवाद के नहीं, मानवता के खिलाफ युद्ध है। बहरहाल गाजा पट्टी में इजरायल की नाकेबंदी के कारण आटा 5000 फीसदी और तेल 1200 फीसदी तक महंगे बिक रहे हैं! खीरे की कीमत 7 गुना बढ़ गई है। बेबी फूड 4 गुना से अधिक महंगा हो चुका है और मटर अब करीब 1000 फीसदी महंगा हो गया है। रसोई गैस के दाम 2400 फीसदी बढ़ जाने से खाना बनाना असंभव-सा हो गया है। अब भूख हर गली में लूट को जन्म दे रही है।

संयुक्त राष्ट्र के सहायता-समूह का मुख्यालय और गोदाम भी लूट की चपेट में आ गए हैं। ये उन बाजारों और इलाकों के आंकड़े हैं, जो इजरायल के हमलों से बचे हैं, लेकिन वे भी खाली हो रहे हैं। वहां एक लीटर पानी 2000 रुपए में बेचा जा रहा है और एक अंडे की कीमत औसतन 300 रुपए है। यह विश्व का कौनसा भूखंड है, जहां कोई कायदा-कानून नहीं है। कोई वैश्विक नियंत्रण नहीं है। इन हालात के बावजूद गाजा में अमरीका भी विकास-योजना के बयान देता रहा है।

वह गाजा का पुनर्निर्माण करवाना चाहता है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप न तो गाजा में, अपने मित्र, इजरायल को महाविनाश से रोक पाए हैं और न ही रूस-यूक्रेन के बीच शांति-समझौता कराने में सफल रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच, फोन पर, दो घंटे से ज्यादा की बातचीत हुई है, लेकिन पुतिन 30 दिन के प्रस्तावित युद्धविराम के बजाय स्थायी शांति-समझौते के पक्षधर हैं।

हालांकि रूस-यूक्रेन का युद्ध क्षेत्रीय वर्चस्व और कब्जे का युद्ध है। गाजा में इजरायल हमास का आतंकवाद मिट्टी में मिला देना चाहता है, लेकिन हमास आज भी जिंदा है। हालांकि 7 अक्तूबर, 2023 को इजरायल पर हमास के आतंकी हमले के बाद से अघोषित युद्ध जारी है, लेकिन गाजा पट्टी अब लगभग खंडहर हो चुका है। हमास का अस्तित्व अब भी है, क्योंकि कुछ हमले उसकी ओर से भी किए जाते रहे हैं।

अल्प युद्धविराम के बाद इजरायल ताबड़तोड़ हवाई हमले कर रहा है, नतीजतन मानवता लगातार लाश बनती जा रही है। एक उदाहरण भारत का भी है। भारत ने पाकिस्तान के 100 किलोमीटर भीतर तक मिसाइल हमले किए और आतंकी अड्डों को 'मिट्टी-मलबा' बना दिया गया। 100 से अधिक आतंकी भी ढेर कर दिए गए, लेकिन पाकिस्तान की अवाम को खरोंच तक नहीं आई। इसे आतंकवाद के खिलाफ लक्षित लड़ाई करार दे सकते हैं। इजरायल को भारत से ही सबक सीखना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और मानवता के खिलाफ लड़ाई में अंतर किया जाना चाहिए।

## कविता/इन्तजार/दीप्ति

बिताते वक्त का नाम है इन्तजार,
चलती रहे सूईयां नहीं आहट कोई आती,
उसे कहते है इन्तजार।
कभी परिणाम है इन्तजार,
कभी परित्याग है इन्तजार,
सुनने से लगती सजा पर,
हो सकता है मीठा अहसास इन्तजार।
कभी बैठ जाता है इन्तजार,
तो कभी बहुत रूलाता है इन्तजार।
रातों में नींद है इन्तजार।
दिन में बेचैनी है इन्तजार।
सर्दी की धूप है इन्तजार।
गर्मी में बारिश का है इन्तजार।
मस्जिद में आजान का इन्तजार।
मन्दिर में शंखनाद का इन्तजार।
हमेशा का बैरी नहीं फिर भी,
गुस्सा है इन्तजार, आंसु है इन्तजार।
बचपन में बडा होने का इन्तजार,
फिर जिम्मेदारियों से एतराज,
नहीं, यह बुरा नहीं
कभी सिखो नई चीजें भी है इन्तजार।
कहीं मोह है इन्तजार,
किसी को माया का इन्तजार,
कभी प्यार पाने का इन्तजार,
कभी प्यार होने का इन्तजार,
कहीं आर्शीवाद है इन्तजार।
कभी आर्शीवाद का इन्तजार।
इन्तजार भी है इन्तजार
कभी खत्म हो जाये, वो नहीं है इन्तजार।
अतः अनन्त है इन्तजार।

# सिंधु जल समझौते पर क्या होगा भारत का रुख?

**संजय सिन्हा**

सिंधु जल समझौते को लेकर सुर्खियां बनी हुई हैं। हालांकि भारत और पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं लेकिन सिंधु जल समझौता सस्पेंड रहेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 पर्यटकों की पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों की ओर से हत्या के बाद भारत ने पड़ोसी देश के खिलाफ कई कदम उठाए थे।

इन्हीं में से एक कदम के तहत सिंधु जल समझौते को सस्पेंड किया गया था। आपको बता दूं कि आजादी के बाद सिंधु जल के बंटवारे को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय तक विवाद चला। आखिरकार, 1960 में वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में सिंधु जल समझौता हुआ। उसके बाद से अब तक दोनों देशों के बीच जो भी युद्ध हुए, उसमें भी इस संधि पर आंच नहीं आई थी लेकिन यह भी सच है कि इस दौरान भारत ने कई बार पाकिस्तान को इस समझौते को रद्द करने की चेतावनी दी थी।

1960 में हुए सिंधु जल समझौते की अहमियत, इसे लेकर दोनों देशों के बीच चले विवाद, इस विवाद की जड़ और राजनीतिक-कानूनी पहलुओं को समझने में डॉक्टर एजाज हुसैन की लिखी किताब काफी मददगार है। हिमालय से निकलने वाली यह नदी भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में प्रवाहित होते हुए अरब सागर में मिल जाती है।

65 साल पहले हुए सिंधु जल समझौते को दुनिया की सबसे कामयाब ऐसी संधियों में शामिल किया जाता है। पाकिस्तान में करीब 80% खेती और एक तिहाई पनबिजली उत्पादन में सिंधु नदी का योगदान है। ऐसे में उसकी इकॉनमी के लिए इस नदी की काफी अहमियत है। भारत और पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं लेकिन सिंधु जल समझौता सस्पेंड रहेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 पर्यटकों की पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों की ओर से हत्या के बाद भारत ने पड़ोसी देश के खिलाफ कई कदम उठाए थे। इन्हीं में से एक कदम के तहत सिंधु जल समझौते को सस्पेंड किया गया था। आजादी के बाद सिंधु जल के बंटवारे को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय तक विवाद चला। आखिरकार, 1960 में वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में सिंधु जल समझौता हुआ। उसके बाद से अब तक दोनों देशों के बीच जो भी युद्ध हुए, उसमें भी इस संधि पर आंच नहीं आई थी लेकिन यह भी सच है कि इस दौरान भारत ने कई बार पाकिस्तान को इस समझौते को रद्द करने की चेतावनी दी थी।

हिमालय से निकलने वाली यह नदी भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में प्रवाहित होते हुए अरब सागर में मिल जाती है। 65 साल पहले हुए सिंधु जल समझौते को दुनिया की सबसे कामयाब ऐसी संधियों में शामिल किया जाता है। पाकिस्तान में करीब 80% खेती और एक तिहाई पनबिजली उत्पादन में सिंधु नदी का योगदान है। ऐसे में उसकी इकॉनमी के लिए इस नदी की काफी अहमियत है। खैर, डॉक्टर हुसैन की किताब में 8 चैप्टर हैं। इसकी शुरुआत में सिंधु बेसिन सिस्टम के बारे में बताया गया है और यह भी कि क्यों इसे लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद था।

इसे खत्म कराने के लिए जब सिंधु जल समझौता हुआ तो उसमें वर्ल्ड बैंक की क्या भूमिका रही। किताब में यह भी बताया गया है कि समझौते की शर्तें क्या हैं और इसे किस तरह से लागू किया गया। इसमें और भी कई बातों का जवाब मिलता है। जैसे, 1960 में किस वजह से भारत ने विवाद को खत्म करने के लिए वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता स्वीकार की? यह भी कि वैश्विक वित्तीय संस्थान की मदद लेने को पाकिस्तान क्यों राजी हुआ? सवाल यह भी है कि वर्ल्ड बैंक के मध्यस्थता की प्रक्रिया में शामिल होने का कारण क्या था? डॉक्टर हुसैन लिखते हैं, डेविड ने कॉलियर्स मैगजीन में लिखे एक लेख में सिंधु जल बेसिन के डिवेलपमेंट का प्रश्ताव रखा था। इसी वजह से वर्ल्ड बैंक ने इसमें भूमिका निभाई।

वह लिखते हैं कि भारत और पाकिस्तान ने राजनीतिक वजहों से वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता मंजूर की। डॉक्टर हुसैन का यह भी दावा है कि वर्ल्ड बैंक ने पाकिस्तान को इस समझौते को स्वीकार करने के लिए मजबूर किया। वह बताते हैं कि इस संधि के तहत सिंधु आयोग बनाया गया जिसका इसे लागू करने में बड़ा योगदान रहा है। संधि होने के बाद पांच विवाद हुए हैं, जिनका जिक्र किताब में किया गया है और जिसे सुलझाने में दोनों पक्ष कामयाब रहे।




सिंधु आयोग की भी विवादों को सुलझाने में बड़ी भूमिका रही है, वहीं इन विवादों के कानूनी और राजनीतिक पहलुओं पर भी किताब में रोशनी डाली गई है। डॉक्टर हुसैन जिस सबसे बड़ी बात की ओर इशारा करते हैं, वह यह है कि जब समझौता हुआ था, तब दुनिया को जलवायु परिवर्तन की वजह से होने वाली दुश्वारियों का ख्याल दूर-दूर तक नहीं था, जबकि आज यह बड़े संकट के रूप में उभरा है। भारत और पाकिस्तान में पिछले कुछ वर्षों में इसी वजह से एक्स्ट्रीम वेदर पैटर्न दिख रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान भी हुआ है। ऐसे में डॉक्टर हुसैन की किताब सिंधु नदी पर जलवायु परिवर्तन के असर को समझने में मददगार है।

**आगे क्या होगा**

भारत समय-समय पर इस जल संधि को लेकर नाराजगी का इजहार करता आया है। उसे लगता है कि समझौते में ज्यादातर पानी पाकिस्तान को दिया गया और उसके साथ इंसाफ नहीं हुआ। 2023 में उसने पाकिस्तान से इसमें संशोधन के लिए कहा था, लेकिन बात नहीं बनी।
अब जबकि भारत ने संधि को सस्पेंड कर दिया है तो इस बारे में आने वाले वक्त में दोनों देशों के बीच जरूर बात होगी और तब यहां की सरकार इसमें तब्दीली का आग्रह करेगी क्योंकि वह समझौते के तहत मिलने वाले पानी से असंतुष्ट है।

संधि के मुताबिक़, सिंधु, झेलम और चिनाब को पश्चिमी नदियां बताते हुए इनका पानी पाकिस्तान के लिए तय किया गया जबकि रावी, ब्यास और सतलुज को पूर्वी नदियां बताते हुए इनका पानी भारत के लिए तय किया गया। इसके मुताबिक़, भारत पूर्वी नदियों के पानी का, कुछ अपवादों को छोड़कर, बेरोकटोक इश्तेमाल कर सकता है।

वहीं पश्चिमी नदियों के पानी के इश्तेमाल का कुछ सीमित अधिकार भारत को भी दिया गया था. जैसे बिजली बनाना, कृषि के लिए सीमित पानी। इस संधि में दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर बातचीत करने और साइट के मुआयना आदि का प्रावधान भी था।

इसी संधि में सिंधु आयोग भी स्थापित किया गया. इस आयोग के तहत दोनों देशों के कमिश्नरों के मिलने का प्रश्ताव था। संधि में दोनों कमिश्नरों के बीच किसी भी विवादित मुद्दे पर बातचीत का प्रावधान है। इसमें यह भी था कि जब कोई एक देश किसी परियोजना पर काम करता है और दूसरे को उस पर कोई आपत्ति है तो पहला देश उसका जवाब देगा. इसके लिए दोनों पक्षों की बैठकें होंगी।

बैठकों में भी अगर कोई हल नहीं निकल पाया तो दोनों देशों की सरकारों को इसे मिलकर सुलझाना होगा। साथ ही ऐसे किसी भी विवादित मुद्दे पर तटस्थ विशेषज्ञ की मदद लेने या कोर्ट ऑफ़ ऑर्बिट्रेशन में जाने का प्रावधान भी रखा गया है।

पाकिस्तान ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के साथ सिंधु जल संधि का मुद्दा उठाया। सिंधु जल संधि को पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद नई दिल्ली ने स्थगित कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने भारत का सीधे तौर पर उल्लेख किए बिना हिंद महासागर रिम एसोसिएशन से अपने बहिष्कार पर भी अफसोस जताया और भारत की नौसैनिक श्रेष्ठता को आक्रामक नौसैनिक विश्तार बताया।

सिंधु जल संधि, जिसे कभी सीमा पार सहयोग का एक मॉडल माना जाता था, अब पतन के कगार पर है। अगर भारत संधि रद्द कर देता है और पश्चिमी नदियों के प्रवाह को रोक देता है, तो पाकिस्तान सूखे, अकाल और आर्थिक विनाश की धीमी गति वाली आपदा का सामना करता है। फिर भी, भारत की विशाल मात्रा में पानी संग्रहीत करने की अक्षमता बाढ़ की द्वितीयक आपदा को खोल सकती है जो पाकिस्तान की दुर्दशा को और बढ़ा देगी।

दोनों परिदृश्य-भुखमरी या डूबना-पहले से ही कगार पर खड़े राष्ट्र के लिए एक भयावह तस्वीर पेश करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विश्व बैंक के नेतृत्व में, मध्यस्थता और वृद्धि को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

भारत के लिए, पानी को भू-राजनीतिक हथियार के रूप में इश्तेमाल करने का प्रलोभन मानवीय और राजनयिक लागतों के खिलाफ तौला जाना चाहिए।

# पाक-ड्रैगन की एक चाल: भारत का सतर्कता बरतना आवश्यक!

**सुनील कुमार महला**

हाल ही में भारत के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज' ने एक खुलासा किया है कि चीन की सैटेलाइट मदद से पाकिस्तान को अपना एयर डिफेंस सिस्टम और रडार फिर से व्यवस्थित करने में मदद मिली। साथ ही चीन ने पाकिस्तान को एयर डिफेंस सिस्टम भी दिया था। वाश्तव में, यह वाकई बहुत चिंताजनक बात है कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के बीच हुए सीमा-संघर्ष में चीन ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था।

यह खुलासा हुआ है कि चीन ने पाकिस्तान को कूटनीतिक ही नहीं, बल्कि सैन्य समर्थन भी दिया था और चीन ने पाकिस्तानी सेना को सैटेलाइट सपोर्ट भी दिया था। पाठकों को बताता चलूं कि ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में एक भारतीय थिंक टैंक के हवाले से यह दावा किया है। इस रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि चीन ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को सही जगह पर तैनात करने के लिए अपनी सैटेलाइट्स की मदद दी थी, ताकि भारत की जवाबी कार्रवाई से बचा जा सके। कहना ग़लत नहीं होगा कि पाकिस्तान तो भारत के लिए सामरिक और आतंकवादी समस्या है ही, चीन भी भारत के लिए सामरिक चुनौती है।

हालांकि, यह बात अलग है कि भारत सरकार ने सार्वजनिक तौर पर भारत पाकिस्तान संघर्ष में चीन के शामिल होने की बात नहीं की है, लेकिन पाकिस्तान ने कहा है कि उसने लड़ाई में चीनी हथियारों का इश्तेमाल किया।

वाश्तव में यह दर्शाता है कि चीन ने कूटनीतिक समर्थन से आगे बढ़कर पाकिस्तान को लॉजिस्टिक और खुफिया मदद के अलावा सैन्य मदद भी मुहैया कराई। इस रिपोर्ट की गंभीरता का अंदाजा मात्र इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज ने यह जानकारी दी है, उसके एडवाइजरी बोर्ड में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारत की तीनों सेनाओं के शीर्ष कमांडर शामिल हैं। थिंक टैंक के अनुसार चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण करने की कोशिश की, लेकिन चीन के एयर डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा।

वहीं भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने काफी बेहतरीन और उल्लेखनीय काम किया और पाकिस्तान के लगभग हर हवाई हमले को असफल कर दिया। कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि भविष्य में कभी भारत और चीन का संघर्ष होता है तो पाकिस्तान चीन के समर्थन में उतर सकता है। पाठक जानते हैं कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था।

भारत ने 6-7 मई की रात बदले की कार्रवाई के तहत आपरेशन 'सिंदूर' चलाकर पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिससे भारत और पाकिस्तान में संघर्ष शुरू हो गया। भारत पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों पर हवाई हमले किए, लेकिन भारत ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम से पाकिस्तान के सभी हमलों को नेश्तनाबूद कर दिया।

इसके बाद भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के कई सैन्य अड्डों और एयर बेस पर हवाई हमले किए। इसके बाद अमेरिका की मध्यस्थता के बाद 10 मई को दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम हो गया। हाल फिलहाल, बेशक भारत और चीन अपने आपसी संबंधों को बेहतर बनाने में जुटे हैं। लद्दाख वाश्तविक नियंत्रण रेखा वाले युद्ध-क्षेत्र से दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट चुकी हैं।

अमरीकी टैरिफ दबाव के मद्देनजर चीन भारत के साथ व्यापार को बढ़ाने के पक्ष में है, लेकिन चीन चुपचाप पीठ में छुरा घोंपने वाला देश रहा है। चीन हमेशा हमेशा से हिंदी चीनी भाई-भाई का राग अलापता रहा है लेकिन ड्रैगन पर कभी भी भरोसा नहीं जताया जा सकता है। दरअसल चीन कभी भी यह नहीं चाहता है कि भारत वैश्विक श्तर पर एक बड़ी आर्थिक व सामरिक शक्ति के रूप में उभरे।

इसलिए चीन पाकिस्तान को चोरी-छिपे हथियारों के साथ ही आर्थिक मदद भी मुहैया कराता आया है। हालिया भारत पाकिस्तान सैन्य संघर्ष में चीन ने पाकिस्तान को वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइलें व ड्रोन भी उपलब्ध कराए। कहना ग़लत नहीं होगा कि पाकिस्तान सदियों से हमारे लिए एक शाश्वत चुनौती रहा है हालांकि, भारतीय सेनाओं ने अपनी डिफेंस तैयारियों से पाकिस्तान की सामरिक तैयारियों को ध्वश्त कर दिया है। भारत ने पाकिस्तान के प्रमुख एयरबेस तबाह कर दिए। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान 250 किलोमीटर दूर पहुंचे और हवाई मिसाइलें दागीं और पाकिस्तान के 13 से ज्यादा एयरबेस, ड्रोन सेंटर, एविएशन और रडार स्टेशनों को निशाना बनाया।

इन हमलों ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को फेल कर दिया, जिससे पाकिस्तान को संघर्ष विराम(सीजफायर) के लिए मजबूर होना पड़ा। भारत की पाकिस्तान पर तगड़ी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान से किसी भी लड़ाकू विमान का उड़ान भरना नामुमकिन है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विभिन्न एयरबेस को तबाह करने के बाद पाकिस्तान ने अब अपने तबाह एयरबेस के पुनर्निर्माण के लिए निविदाएं सार्वजनिक की हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ सामरिक तौर पर पूरी तरह से तैयार व मुश्तैद रहना चाहता है।

हाल फिलहाल अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जिस तरह से पाकिस्तान को लोन मंजूर करने के बाद 11 नई शर्तें लगाई हैं, उससे साफ है कि भारत का कूटनीतिक दबाव काम कर गया है क्योंकि, वह पहले की कई शर्तें पूरा नहीं कर पाया है। हालांकि, इन शर्तों में से एक भी शर्त ऐसी नहीं है, जो युद्ध और आतंकवाद को रोकने वाली हो। यहां पाठकों को बताता चलूं कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से कुल 2.4 अरब डॉलर का लोन मिलने का राश्ता साफ हुआ है।

9 मई को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस लोन को मंजूरी दी थी और भारत ने इसका बहुत ही सख्त विरोध किया था। लेकिन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने फिर भी इसे मंजूरी दी, जिसको लेकर अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सरकार पर भी उंगली उठ रही है कि उसने इसे रोकने की कोशिश क्यों नहीं की। यहां यह भी गौरतलब है कि हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया को यह दो टूक बताया कि पाकिस्तान को किसी भी तरह की वित्तीय सहायता देना 'आतंकवाद की फंडिंग' करने से जरा भी कम नहीं है।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से सीधे तौर पर कहा कि वह कम से कम पाकिस्तान को दी जाने वाली 1 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता पर फिर से विचार करे। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अचानक से पाकिस्तान पर कर्ज के बदले 11 नई शर्तें लगा दी हैं।

बहरहाल, केंद्र सरकार ने भारतीय रक्षा बजट बढ़ाने की बात कही है, जिससे भारतीय सुरक्षा और मजबूत हो सकेगी। गौरतलब है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद यह फैसला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय रक्षा बजट बढ़कर 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा।

हाल फिलहाल भारतीय सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए रक्षा बजट में 26 फीसदी अतिरिक्त पूंजी के आवंटन की घोषणा की गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा बजट लगभग 50, 000 करोड़ रुपये बढ़ाने वाली है। जानकारी के अनुसार ये पैसा एक अलग बजट से दिया जाएगा। पाठकों को बताता चलूं कि 1 फरवरी, 2025 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025/26 के बजट में रक्षा के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये दिए थे।

ये पिछले साल के 6.22 लाख करोड़ रुपये से 9.2% ज़्यादा था। उल्लेखनीय है कि अभी, रक्षा बजट भारत के कुल बजट का 13% है। ये सभी मंत्रालयों में सबसे ज़्यादा है। पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय रक्षा बजट अब भी वह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मात्र 1.9 फीसदी ही है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार रक्षा बजट में जो बढ़ोतरी की गई है, उसका अधिकतम हिस्सा महंगे, विदेशी हथियार और उपकरण खरीदने पर ही खर्च हो सकता है, लेकिन भारत को स्वदेशी रक्षा-उत्पादन तुरंत बढ़ाने की आवश्यकता है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत पाकिस्तान संघर्ष में हमारी ब्रह्मोस मिसाइल ने रिकॉर्ड कायम किए।

इसी क्रम में हमारे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 11 मई 2025 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की अत्याधुनिक उत्पादन इकाई का उद्घाटन भी किया। यह यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर स्थापित की गई है। यह हमारे देश की एक बड़ी उपलब्धि है। हमारे देश के लिए यह किसी उपलब्धि से कम बात नहीं है कि आज दुनिया के करीब 20 देश हमसे ब्रह्मोस मिसाइल खरीदना चाहते हैं।

एस-400, स्वदेशी प्लेटफॉर्म, विमान-रोधी समर और आकाश मिसाइल सिस्टम आदि का प्रदर्शन कमाल का रहा। हमने हमारी रक्षा तैयारियों से चीन और पाकिस्तान दोनों को कड़ा संदेश दिया। हमने दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलें नेश्तनाबूद कर दिए।

ये हमारे देश के डिफेंस रिसर्च और डेवलपमेंट को दिखाते हैं, लेकिन हमें अभी भी रक्षा तैयारियों पर और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। सच तो यह है कि हमें पाकिस्तान के साथ ही साथ चीन से भी विशेष सर्तक रहने की जरूरत है।

# भीतर के दुश्मनों के खिलाफ सख्ती-चौंकसी बढ़ानी होगी

**ललित गर्ग**

पाकिस्तान भारत के अनेक लालची, शानोशौकत के आकांक्षी, देशद्रोही एवं देश के दुश्मन लोगों का इश्तेमाल भारत के खिलाफ प्रचार और जासूसी गतिविधियों के लिए कर रहा था। ऐसे ही कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता भी है एवं चिन्ता में भी डालता है।

ऐसे ही तत्वों में एक नाम है ज्योति मल्होत्रा, उस पर आरोप है कि वह न केवल सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश कर रही थी, बल्कि उसने पाक खुफिया एजेंसी के एजेंटों से भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी साझा कर रही थीं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गोपनीय जानकारियां भी थीं।

वह एक खुफिया एजेंट के रूप में सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत की मिट्टी पर छिपे गद्दार कितनी भी चालाकी से छिप जाएं, वे कानून की नजरों से नहीं बच सकते।

उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके। 'ऑपरेशन 'सिंदूर' ने न सिर्फ सरहद पार बैठे दुश्मनों की नींद हराम कर दी है, बल्कि देश के भीतर बैठे गुप्त गद्दारों की भी कमर तोड़ दी है। हाल ही में लगातार ऐसे अनेक राष्ट्र-विरोधी जासूसों की गिरफ्तारी ने जता दिया कि भारत हर मोर्चें पर देश की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। ये गिरफ्तारियां अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं यह भी पाक की एक करारी हार ही है।

पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा समेत छह लोगों की खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गयी गिरफ्तारी भारत की सतर्कता एवं सावधानी को तो दर्शाती ही है, इससे यह भी स्पष्ट होता है कि इस चुनौती भरे समय में भीतर के दुश्मनों की शिनाख्त एवं उनकी धडपकड़ कितनी जरूरी है।

'ट्रैवल विद जो' नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली ज्योति पर आरोप है कि वह पाक के कई उच्च अधिकारियों के संपर्क में थी और भारत से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाक तक पहुंचाती थी। पता यह भी चला है कि पाक यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात पाक उच्चायोग के एक कर्मचारी दानिश से हुई, जिसके माध्यम से उसकी पहचान आइएसआइ के एजेंटों से हुई।

ज्योति इन एजेंटों के साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचौट के जरिये संपर्क में थी। कहते हैं कि उसने एक पाक खुफिया अधिकारी के साथ गहरे संबंध बनाये और उसके साथ बाली भी गयी थी। ज्योति एवं उसके सहयोगी बेखौफ भारत की अति-संवेदनशील एवं गोपनीय सूचनाओं को पाक से साझा करते हुए देश को नुकसान पहुंचा रहे थे। ये सभी आम नागरिकों की तरह जिंदगी जी रहे थे, लेकिन इनके इरादे राष्ट्रविरोधी थे। देश की कीमत पर सारे राष्ट्र-मूल्यों एवं निष्ठाओं को ताक पर रखकर धनार्जन की लालसा और मौज-मश्ती का लक्ष्य घिनौना एवं अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र को इन विस्फोटक विसंगतियों से बचाना होगा।

भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों।

लेकिन बड़ा प्रश्न है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा सकते हैं? देश के भीतर के ये दुश्मन बाहरी दुश्मनों से ज्यादा घातक एवं नुकसानदेय हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के इन लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। लेकिन इनकी गहन जांच से और भी गंभीर खुलासे होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। इन लोगों के तार भीतर कहां-कहां जुड़े है, इसका पर्दाफाश होना ज्यादा जरूरी है। ये तत्व देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव एवं आम-जनजीवन को भी खतरे में डाल सकते हैं।

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। एक से अधिक बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति पर खुफिया अधिकारियों की नजर तो थी ही, ज्योति के कई वीडियोज ने भी खुफिया एजेंसियों का ध्यान खींचा, चाहे वह नयी दिल्ली स्थित पाक दूतावास में इफ्तार की दावत का वीडियो हो, पिछले साल हुए विश्व कप में भारत-पाक मैच में दर्शकों की प्रतिक्रिया वाला वीडियो हो या कश्मीर घूमने आये लोगों पर बनाये गये वीडियो हों।

विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, ज्योति को दुबई के एक कथित हैंडलर के माध्यम से भुगतान किया जाता था।

यह खुलासा केवल ज्योति तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि इसके जरिये एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं। पंजाब में मालेरकोटला के दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसियों को पता लगाना होगा कि क्या इन आरोपियों की सैन्य या रक्षा अभियानों से संबंधित जानकारी तक सीधी पहुंच थी या वे इसे उच्च पदस्थ स्रोतों से प्राप्त कर रहे थे? इन बातों का खुलासा होना सुरक्षा एवं सैन्य गोपनीयता की दृष्टि से ज्यादा जरूरी है। गिरफ्तार सभी अपराधियों को गंभीर पूछताछ के बाद कठोर सजा मिलनी चाहिए। दुश्मन चाहे देश के अंदर हो या बाहर उनके प्रति मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति निरंतर सख्ती के साथ कार्यरत रहनी ही चाहिए। सरकार और खुफिया एजेंसियां अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय संदिग्ध तत्वों की निगरानी और जांच को और तेज करने की दिशा में स्वाभाविक ही काम कर रही है। सरकार ने इन गिरफ्तारियों के बाद स्पष्ट संदेश दिया है कि राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत अब तक देशभर में दर्जनों संदिग्धों को निगरानी में लिया गया है और जांच तेज़ है।

निश्चय ही यह राष्ट्र-विरोधी जासूसों का खुलासा पाक रचित राष्ट्रघाती खेल का छोटा हिस्सा है, पाक सीधा युद्ध की सामर्थ्य एवं ताकत नहीं रखता, इसलिये कभी वह आतंक का सहारा लेता है तो कभी पैसों का प्रलोभन देकर देश के लोगों को खरीदने की कुचेष्ठा करता है। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए ताकि आने वाले समय में और बड़ी मछलियां इस दलदल में पकड़ी जा सकेंगी। पाक तो भारत का शत्रु है और वह सामने दिखाई दे रहा है, लेकिन देश के अंदर छिपे गद्दार भी भारत के शत्रु हैं। इस तरह के गद्दारों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

पाक का समर्थन करने वाले खालिश्तानी आतंकवादी हैं, कश्मीर में भी ऐसे लोग है जो पाक एवं उसके पोषित आतंवादियों का सहयोग एवं समर्थन करते हैं। ऐसे राष्ट्र-विरोधी लोगों एवं आतंकवादियों का सिर कुचलने का, यही सही समय है।

केंद्र व राज्य सरकारों, मीडिया और जनता को मिलकर ऐसे तत्वों को बेनकाब करने में मदद करनी चाहिए। पुलिस को आधुनिक उपकरणों के साथ इस बाबत कुशल प्रशिक्षण देना चाहिए। बहरहाल, देश विरोधी तत्वों की निगरानी तेज करना वक्त की जरूरत है। ताकि देश मे छुपी इन काली भेड़ों एवं देश को दीमक की तरह खोखला कर रहे शत्रुताओं का नाश किया जा सके।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन**: 9899683800 वेबसाइट : www.ncrtoday.in **ई-मेल**: todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## संक्षिप्त समाचार

### चारपाई पर खून से लथपथ मिला मिल मालिक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर देहात में सट्टी थाना के कुंवरपुर स्थित निर्माणाधीन तेल मिल में गुरुवार सुबह मालिक रामप्रकाश कटियार (70) का शव संदिग्ध हालत में खून से लथपथ चारपाई पर मिला। सुबह सात बजे के करीब मिल मालिक को दूध देने पहुंचे गांव के एक बच्चे को मेनगेट खुला मिला।

अंदर जाने पर उसे शव चारपाई पर पड़ा देखा, तो शोर मचाया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक के परिजन ने हत्या का आरोप लगा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसपी अरविंद मिश्रा, एएसपी राजेश पांडेय ने घटना स्थल पर जांच पड़ताल की। पुलिस को मृतक के सिर चोट मिली।

**कई बिंदुओं पर की जा रही है जांच-** वहीं, पास में एक लकड़ी का टुकड़ा बरामद हुआ। चारपाई के पास दूसरी मंजिल पर लगा सीसीटीवी कैमरा भी पड़ा मिला। एसपी अरविंद मिश्रा ने बताया कि इमारत निर्माणाधीन है। बुधवार को आंधी आने के दौरान चौथे तल पर लगी शटरिंग गिरने से घायल होकर मिल मालिक की मौत हुई है। फिलहाल कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### धीरेंद्र कुमार बने नए परीक्षा नियंत्रक, जल्द लेंगे चार्ज

**अलीगढ़, एजेंसी।** राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी को नए परीक्षा नियंत्रक मिल गए हैं। धीरेंद्र कुमार को यूनिवर्सिटी में परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया है। वह जल्दी ही अलीगढ़ आकर कार्यभार संभालेंगे।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के कुलसचिव धीरेंद्र कुमार को राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। यह पद 15 मई से रिक्त चल रहा था। 15 मई को उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने विवि के परीक्षा नियंत्रक अजय कृष्ण यादव को हटा दिया था।

### सत्संग सुनकर सो रहे तीन लोग कार से दब कर हुए घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

**अलीगढ़ , एजेंसी।** थाना पालीमुकीमपुर के गांव दत्ताचोली खुर्द स्थित सतनाम स्वामी सेवा आश्रम पर 20 मई को सत्संग हुआ। आसपास के जिलों से सैकड़ों अनुयायी इसमें शामिल हुए। सत्संग देर रात तक चला। समापन के बाद कुछ लोग वहां पर तंबू में सो गए तथा कुछ लोग पास के खेत में खड़ीं कारों के पास सोए।

21 मई सुबह चार बजे दादों निवासी पवन पुत्र ओमप्रकाश, कौशल पुत्र अरविंद व थाना शिकारपुर जनपद बुलंदशहर निवासी अमित पुत्र राधाचरण पार्किंग में सो रहे थे। इसी दौरान एक कार स्टार्ट नहीं होने पर कुछ लोग धक्का देने लगे। बैक गियर में चली कार स्टार्ट होने से पीछे सो रहे तीनों लोग दब कर घायल हो गए। घायलों को आश्रम से जुड़े कर्मचारी व परिजन छर्रा के निजी अस्पताल ले गए। जहां कौशल पुत्र अरविंद, अमित पुत्र राधाचरण को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। पवन पुत्र ओमप्रकाश का अलीगढ़ के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। क्षेत्राधिकारी छर्रा धनंजय सिंह ने बताया तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### शाहरुख पर नहीं आया रहम...बेरहमी से तब तक पीटा, जब तक मौत न हो गई

**आगरा , एजेंसी।** आगर के शाहगंज के शिव नगर में पुलिस की लापरवाही से जूता कारीगर शाहरुख की मौत हो गई। आरोप है कि पड़ोसी चाचा-भतीजे ने तीसरी बार इतनी बेरहमी से पीटा की जान चली गई। गुस्साए परिजन ने बुधवार को पुलिस चौकी गेट पर शव रखकर हंगामा किया। एसीपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब शांत हुए। मामले में फरार चांद और फरीद को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान एक आरोपी को गोली लगी है। एसीपी लोहामंडी ने बताया कि बृहस्पतिवार तड़के चेकिंग के दौरान इन आरोपियों के पकड़े जाने के बाद मुठभेड़ हुई।

# प्रदेश में आफत बनकर आई आंधी-बारिश

## पूर्वी और पश्चिम के जिलों में 19 मौतें; रास्तों पर गिरे सैकड़ों पेड़

**लखनऊ , एजेंसी।** पूरे प्रदेश में बुधवार को बिगड़े मौसम ने कई लोगों की जान ले ली। कई लोग आंधी में पेड़ गिरने या टिन शेड की वजह से घायल हो गए। पश्चिम यूपी में सबसे ज्यादा प्रभाव दिल्ली से सटे जिलों में रहा। आंधी-बारिश से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई तो वहीं आम की फसल को नुकसान होने का अनुमान है।

आंधी-बारिश के दौरान बुधवार की सुबह गोरखपुर मंडल में तीन लोगों की मौत हो गई। गोरखपुर के एम्स थानाक्षेत्र में वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई जबकि उसकी मां गंभीर रूप से झुलस गई। वहीं, कुशीनगर में बाग में पेड़ गिरने से एक किशोर और झोपड़ी से दबकर एक महिला की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक गोरखपुर के एम्स इलाके के रजही में बुधवार की सुबह जंगल रामगढ़ उर्फ रजही शिवमंदिर टोला निवासी मुन्नीलाल मौर्या की पत्नी कैलाशी देवी (48) बेटे धीरज (19) के साथ भिंडी के खेत में सब्जियां तोड़ने गईं थी। इसी दौरान बिजली गिरने से दोनों झुलस गए। परिजनों ने दोनों को एम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया, जहां धीरज की मौत हो गई। कैलाशी देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, कुशीनगर के कसया क्षेत्र के डुमरी चुरामन छपरा गांव के बागीचे में बच्चे आम बीनने गए थे। इसी बीच बारिश शुरू हो गई। आम का एक पेड़ गिर जाने से गांव का कृष्णा (14) और उसकी बहन ममता दब गईं। दोनों को कसया सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया।

उधर, रामकोला क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी रमाकांत कुशवाहा की पत्नी मानती (46) बुधवार को खेत में निराई कर रहीं थीं। इस दौरान शुरू हुई बारिश से बचने के लिए पास की एक झोपड़ी में चली गई जहां चार महिलाएं और छिपीं थीं। मानती झोपड़ी में लगा बांस पकड़कर खड़ी थीं जबकि अन्य महिलाएं वहां रखे तख्त के नीचे छिपी थीं। अचानक हवा के तेज झोंके से झोपड़ी के साथ मानती देवी भी उड़कर दूर जा गिरीं। तख्त के नीचे छिपी महिलाओं के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और मानती को



झोपड़ी से बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

**आंधी में दीवार और टिनशेड गिरने से पिता-पुत्री समेत तीन की मौत-** निघासन क्षेत्र में आंधी से दीवार और टिनशेड गिरने से पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पलिया, मझगईं व बिजुआ क्षेत्र में कई जगह सड़कों पर पेड़ गिरने से रास्ते बाधित हो गए हैं। मझगईं थाना क्षेत्र के गांव छेदुई पतिया फार्म निवासी रक्षपाल सिंह अपने परिवार के साथ घर में ईंटों की दीवार पर पड़े छप्पर के नीचे सो रहे थे। सुबह आई तेज आंधी में दीवार के साथ छप्पर गिर गया। इससे रक्षपाल सिंह (45), उनकी पत्नी सर्वजीत कौर (40), दूसरी पत्नी सीता कौर (38), 13 वर्षीय पुत्र गुरजीत और 10 वर्षीय पुत्री रमनदीप मलबे में दब गए। पड़ोसियों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला। तब तक पुत्री रमनदीप की मौत हो चुकी थी। गंभीर हालत में रक्षपाल को जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अन्य तीनों घायलों का निघासन सीएचसी में इलाज चल रहा है।

### सीएम योगी ने जारी किए दिशा-निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में आगे की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

क्षेत्र के गांव ग्रंट नंबर 12 निवासी 80 वर्षीय पत्नी फुलवासा घर में दीवार के सहारे पड़े टिनशेड के नीचे सो रही थी। बुधवार सुबह 6:30 बजे आंधी से टिनशेड और उस पर रखी ईंटें वृद्धा पर गिर गईं। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन परिजन उनको फूलबेहड़ सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां उनकी मौत हो गई। सीएचसी अधीक्षक कमलेश नारायण ने बताया कि सिर में ज्यादा चोट लगने से उनकी मौत हुई है।

लगातार उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों को बुधवार रात आठ बजे के बाद आए आंधी-तूफान और झमाझम बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी। वहीं, कई स्थानों पर जलभराव और पेड़ व उनकी टहनियों के टूटने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर के अंडरपास पर जलभराव होने से कई वाहन फंसे गए। इस दौरान दो महिला और एक युवक की मौत हो गई। वहीं जिले में 50 से ज्यादा पेड़ उखड़ कर सड़क पर गिर गए। संजयनगर सेक्टर 23 स्थित मस्जिद के पास करीब 46 फुट ऊंचा बरगद का पुराना पेड़ सड़क किनारे खड़े चार पहिया वाहनों पर गिर गया। गनीमत रही कि कार के अंदर कोई मौजूद नहीं था। वहीं मधुबन बापूधाम में पेड़ गिरने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दूसरी ओर खोड़ा में स्कूल की दीवार गिरने से एक महिला की जान चली गई। निडौरी में आकाशीय बिजली कड़कने से दहशत में आकर महिला नाले में गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

### अलग-अलग जिलों में मौतें

इसके अलावा मौसम में बदलाव की वजह से मेरठ में दो और अलीगढ़ में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सोनभद्र में बिजली गिरने से एक बच्ची सहित दो लोगों की मौत हो गई। झांसी की राजापुर गांव एक व्यक्ति की मौत लू लगने से हो गई। पश्चिमी यूपी के जिले बिजनौर में आंधी की वजह से गिरे एक पेड़ के चलते एक सिपाही की जान चली गई।

**अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवसः सीएम योगी बोले-**

# विकास का ऐसा मॉडल अपनाएं जो आत्मघाती न हो

**लखनऊ , एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जैव विविधता के महत्व को भारत से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता। किसी सनातन परिवार में मांगलिक कार्य की शुरुआत शांति पाठ से होती है। ये अपने लिए नहीं होता बल्कि पूरे संसार के कल्याण की कामना के साथ मांगलिक कार्य शुरू होता है। ये वेद की सूक्ति के साथ शुरू होता है। अगर मनुष्य को जीवित रहना है तो संसार के बारे में सोंचना होगा। वेदों में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके बेटे हैं। मुख्यमंत्री लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि जैव विविधता दिवस के आयोजन का उद्देश्य यही है कि प्रकृति को बचाते हुए सतत विकास को बचाया जाए। हमें विकास का ऐसा मॉडल अपनाना चाहिए जो कि आत्मघाती न हो। प्रकृति और पुरुष का समन्वित रूप ही पर्यावरण है। प्राचीन काल में हर गांव में खलिहान की भूमि होती थी। लोग खेत में आग नहीं लगाते थे। पराली में आग नहीं लगाते थे। गांव में खाद का खड्ड होता था। कंपोस्ट के रूप में उसका इस्तेमाल होता था। हर गांव में तालाब था। उसे गंदा नहीं करते थे। सुविधा के साथ खड्ड, खलिहान और गोचर जमीन पर कब्जा हो गया। तालाब के पानी को गंदा कर दिया गया। आज इंसेफेलाइटिस जैसे बीमारी हो गई। अपने लिए हमने बीमारी बुला ली।



उन्होंने कहा कि क्या हर काम के लिए सरकार पर ही निर्भर रहना चाहिए। पहले कोई व्यक्ति गांव की जमीन पर कब्जा नहीं करते थे। लोग प्रकृति की आराधना करते थे। ऋषि परम्परा में पीपल, बरगद, नीम और आम आदि में ईश्वर का वास बता दिया ताकि हम संरक्षण कर सकें। पहला ग्रास गाय और अंतिम ग्रास कुत्ते का निकाला जाता था। पहले घर में चींटी निकलती थी आता और चीनी डाल देते थे। चींटी चली जाती। आज स्प्रे छिड़क देते हैं। आज हमने विकास के नाम पर अपने लिए समस्या खड़ी कर दी है।

आज हम ड्रेनेज और औद्योगिक कचरे को सीटीपी में ले जाना चाहते हैं जबकि सामान्य ड्रेनेज के लिए सीटीपी की जरूरत नहीं है। मुझे कभी-कभी जीवों के अचानक बदले व्यवहार को देखकर आश्चर्य होता है। जंगली जानवर अचानक हिंसक नहीं होता। उसके कारणों को जानना होगा। 210 करोड़ पौधे लगाकर हमने वन दायरा बढ़ाने की पहल की है।

### पृथ्वी केवल मनुष्यों के रहने के लिए नहीं है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नमामि गंगे के परिणाम कानपुर में देखिए। रामायण का पहला बलिदानी जटायु है। जटायु के लिए संरक्षण केंद्र बनाने पड़ रहे हैं। आज केमिकल की वजह से जटायु अस्तित्व को जूझ रहा है। पता नहीं किसने देसी आम और जामुन के पेड़ काटने के आदेश से दिए। ये पृथ्वी केवल मनुष्य के लिए नहीं है। हमें रहना है तो पर्यावरण, नदी, पेड़, जीव जंतुओं के बारे में सोचना होगा। इसमें सरकार, पर्यावरणविद और आम लोगों को जोड़ने से सार्थक परिणाम सामने आएंगे। पर्यावरण बोर्ड इसमें काम कर रहा है।

# कन्नौज कांडः नवाब के जेल से बाहर आने पर होंगी तीन हत्याएं

## अभियोजक ने मेडिकल करने वाली डॉक्टर को धमकाया

**कन्नौज, एजेंसी।** कन्नौज जिले के किशोरी दुष्कर्म कांड में एक नया मोड़ आ गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करने वाली डॉक्टर ने गैंगस्टर नवाब सिंह यादव व उसके भाई नीलू यादव समेत सरकारी वकील व पीड़िता की बुआ के खिलाफ धमकाने की एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया गया कि विशेष लोक अभियोजक ने धमकी दी कि नवाब सिंह यादव के जेल से छूटने के बाद तीन लोगों की हत्या की जाएगी।



डॉक्टर की गवाही से इस मुकदमे पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिर्वा में तैनात डॉ. स्वास्तिका शालिनी ने एसपी विनोद कुमार के आदेश पर सदर कोतवाली में गांव अड़ंगापुर निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव, उसके भाई वीरपाल उर्फ नीलू, विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे, तिर्वा कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़िता की बुआ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

**जेल से छूटने वाले हैं नवाब सिंह यादव-** इसमें आरोप लगाया कि सदर कोतवाली में दर्ज दुष्कर्म के मुकदमे में उन्होंने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण किया था। पॉक्सो न्यायाधीश की कोर्ट से गवाही के लिए 19 मार्च को सम्मन जारी हुआ था। वह कोर्ट में उपस्थित हुईं और पांच घंटे वकीलों ने उनसे जिरह की। सरकारी वकील किशोर दोहरे ने कहा कि नवाब सिंह यादव जेल से छूटने वाले हैं।

### जेल से बाहर आने पर तीन लोगों की हत्या होगी

तुम्हारी इस गवाही से मुकदमे में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पीड़िता ने अपने बयान बदल दिए हैं। नवाब सिंह के जेल से बाहर आने पर तीन लोगों की हत्या होगी। कोर्ट में मौजूद पति डॉ. रवींद्र कुमार साहू ने यह बात सुनी। इससे पहले पति जिला अस्पताल में तैनात थे। वर्तमान में वह इटावा जिले के बकेवर कस्बे में 50 शैया अस्पताल में तैनात हैं।

### मामले की विवेचना में जुटी पुलिस

उस दौरान पति के खिलाफ एससीएसटी का फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया था। डॉ. स्वास्तिका शालिनी ने पति सहित परिजनों की हत्या करने की आशंका जताई है। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नेपाल के रास्ते घुसपैठ की कोशिश में 37 पाकिस्तानी-बांग्लादेशी, सीमा पर हाई अलर्ट; अतिरिक्त जवान तैनात

**बहराइच , एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाया पाकिस्तान अब नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ का प्रयास कर रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार करीब 37 संदिग्ध पाकिस्तानी व बांग्लादेशी नेपाल में मौजूद हैं। उनकी कोशिश किसी तरह से भारत में दाखिल होने की है।

सूत्रों के अनुसार वह लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या व मथुरा को निशाना बना सकते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर बहराइच से बलरामपुर तक लगती नेपाल सीमा पर एसएसबी के 1500 अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है। एसएसबी 42वीं वाहिनी ने सीमा क्षेत्र में दोहरी गश्त बढ़ा दी है। इसके तहत जवान आमने-सामने से गश्त कर रहे हैं। वन क्षेत्र में भी अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए चौकी



बनाई गई है। नेपाल से हर आने-जाने वालों के पहचान पत्र की जांच की जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी सीसीटीवी से भी निगरानी कर रही है।

बलरामपुर के एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम सीमा पर 24 घंटे नजर रख रही हैं। ग्राम सुरक्षा समितियों को भी सक्रिय किया गया है। जरवा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि सीमा क्षेत्र में पीएससी के जवान, पुलिस और एसएसबी संयुक्त रूप से गश्त कर रही है। एसएसबी की कोयलाबास चौकी प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि सीमा पर सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही है। गुरुंग नाका चौकी प्रभारी निरीक्षक एच. सोमेन सिंह ने बताया कि यहां से आवाजाही रोक दी गई है।

**नेपाल से लगते सभी जिलों में अलर्ट-** घुसपैठ की आशंका में नेपाल से लगते उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, पीलीभीत व लखीमपुर खीरी में भी अलर्ट जारी किया गया है।

# महंत आवास पर चोरी अपडेट; हाउसकीपिंग, रसोइया और पुराने ड्राइवर ने मिलकर रची थी साजिश

**वाराणसी , एजेंसी।** संकटमोचन मंदिर के महंत और आईआईटी बीएचयू के प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्रा के तुलसी घाट स्थित आवास से गहनों और नकदी की चोरी की साजिश हाउसकीपिंग जितेंद्र सिंह उर्फ गोलू पटेल, रसोइया अतुल शुक्ला और पहले ड्राइवर रहे राकेश ने रची थी। इसका खुलासा बुधवार को पुलिस ने किया।

पुलिस ने मुठभेड़ में छह बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक करोड़ रुपये मूल्य से ज्यादा के 391 पीस गहने, 1.16 लाख रुपये, तीन तमंचा और तीन कारतूस बरामद किया है। इनमें से सोने-चांदी की 50 सामग्रियां ऐसी भी हैं, जिनका उल्लेख एफआईआर में नहीं किया गया था। पुलिस को अभी एक बदमाश की तलाश है।

प्रो. मिश्र के आवास से गत रविवार की दोपहर तीन पीढ़ी के गहने और नकदी चोरी हुई थी। प्रो. मिश्र सोमवार की दोपहर दिल्ली से आवास पर आए तो चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल ने बताया कि जितेंद्र सिंह उर्फ गोलू पटेल महंत आवास पर हाउसकीपिंग और अतुल शुक्ला रसोइया का काम कर रहे थे।

अन्य डेढ़ से दो साल पहले काम से हटाए जा चुके थे। सभी चोरी या किसी न किसी गलती के चलते ही काम से हटाए गए थे। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि जितेंद्र, अतुल और पहले ड्राइवर रह चुके राकेश ने चोरी की साजिश रची। तीनों का कहना था कि महंत आवास में पहले भी चोरी की जो घटनाएं हुईं, उनकी पुलिस से कभी शिकायत नहीं की गई।

स्टाफ की गलती पकड़े जाने पर सिर्फ उसे काम से हटा दिया जाता था। महंत प्रो. मिश्र अपनी पत्नी आभा मिश्रा के साथ शहर से बाहर गए थे। इसलिए जितेंद्र, अतुल और राकेश ने बातचीत कर चार अन्य पुराने कर्मचारियों को गत 17 मई को शहर बुलाया। सभी ने महंत आवास के चौतरफा घूम कर रेकी की।

### खंगालेंगे आपराधिक इतिहास, करेंगे गैंगस्टर की कार्रवाई

डीसीपी क्राइम / एडीसीपी काशी जोन सरवणन टी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जाएगा। आपराधिक इतिहास के आधार पर आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। घटना से संबंधित सीसी कैमरों की फुटेज, सर्विलांस की मदद से सामने आए तथ्यों और बरामदगी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

### पुलिस आयुक्त ने पुलिस टीम को देंगे एक लाख रुपये का इनाम

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुरस्कृत होने वाले पुलिस कर्मियों में एसओजी प्रभारी मनीष कुमार मिश्र व उनकी टीम, रामनगर थानाध्यक्ष राजू सिंह व उनकी टीम और भेलूपुर थानाध्यक्ष गोपालजी कुशवाहा, अस्सी चौकी इंचार्ज पार्थ तिवारी व उनकी टीम शामिल है।

# मन्नत पूरा करने परिवार गया तरकुलहा, घर के लड़के का अपहरण-जानिए 3 घंटे में ही कैसे हुई बरामदगी

**गोरखपुर, एजेंसी।** क्षेत्र के तरकुलहा मेला परिसर से बुधवार को 11 वर्षीय बालक के अपहरण की सूचना पर हड़कंप मच गया। पिता ने डायल 112 पर बेटे के लापता होने की जानकारी दी। सूचना के बाद एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। रात आठ बजे सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने तीन घंटे में 11 बजे देवरिया से बालक को सकुशल ढूंढ निकाला। बताया जा रहा है कि किसी रिश्तेदार ने ही अपहरण कराया था। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर चौरीचौरा पुलिस पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली थानाक्षेत्र के वार्ड नंबर 20 गोपालपुर निवासी जगदीश सिंह बुधवार को छोटे बेटे लकी सिंह (11) की मन्नत पूरा करने के लिए तरकुलहा मंदिर आए थे। लकी सिंह की तबीयत बराबर खराब रहती थी।

तबीयत ठीक हो जाने पर बकरे की बलि देने का मन्नत माना गया था। बुधवार को



जगदीश सिंह अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ तरकुलहा पहुंचे थे, जहां पर बलि के बाद खाना बन रहा था। इसी बीच लकी सिंह अपने साथ के कुछ बच्चों के साथ मेले में घूमने के लिए गया और लापता हो गया।

काफी देर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू कर दी, लेकिन नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एक बालक के अपहरण होने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीमें सक्रिय हो गई थी।

# यूएई ने शारजाह में रचा इतिहास



**शारजाह, एजेंसी।** हैदर अली (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात ( यूएई) ने शारजाह में तीसरे टी20 मुकाबले में 5 गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज को ऐतिहासिक रूप से 2-1 से अपने नाम कर लिया।

टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी और बांग्लादेश के खिलाफ पहली सीरीज जीत है। इससे पहले यूएई ने साल 2021 में आयरलैंड को इसी अंतर से हराया था। शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गए टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आए। बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा। कप्तान लिटन कुमार दास (14), मो. तौहीद हृदोय (शून्य), महेदी हसन (दो) और तंजिद हसन 18 गेंद पर (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद शमीम हुसैन (नौ), रिशाद हुसैन (छह) और जाकेर अली 34 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुये। यूएई के गेंदबाजों ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 162 के स्कोर पर रोक दिया। यूएईकी ओर से हैदर अली ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए। मतिउल्लाह खान और सगीर खान को दो-दो विकेट मिले।

अकिफ राजा और ध्रुव पराशर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में कप्तान मुहम्मद वसीम (नौ) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आलीशान शराफु ने मुहम्मद जोहैब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 44 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने मुहम्मद जोहैब (29) को बोल्ड इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद तंजीम अहमद ने राहुल चोपड़ा (13) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

इस दौरान दूसरे छोर पर खड़े आलीशान शराफु तेजी के साथ रन बनाते रहे। इसके बाद आसिफ खान ने आलीशान शराफ के साथ मोर्चा संभाला और टीम को ऐतिहासिक जीत की ओर ले गये। यूएई ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आलीशान शराफ ने 47 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 68) रन बनाये। आसिफ खान ने 26 गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए (41) रनों की नाबाद पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



आईपीएल 2025:

## जैकब बेथेल के जाने के बाद आरसीबी ने टिम सेफर्ट को टीम में किया शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की है। न्यूजीलैंड के धमाकेदार विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट को युवा इंग्लिश खिलाड़ी जैकब बेथेल के अस्थायी प्रतिस्थापन के रूप में टीम में शामिल किया गया है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट को इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल के स्थान पर अस्थायी रूप से टीम में शामिल करने की घोषणा की। बेथेल को इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी सेवाएं देनी हैं, जिसके चलते वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मुकाबले के बाद स्वदेश लौटेंगे। आरसीबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, न्यूजीलैंड के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट को जैकब बेथेल के स्थान पर आरसीबी में अस्थायी रूप से शामिल किया गया है। बेथेल सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हमारे मैच के बाद इंग्लैंड के लिए राष्ट्रीय ड्यूटी पर लौटेंगे।

टिम सेफर्ट का अनुभव और प्रदर्शन

30 वर्षीय टिम सेफर्ट एक अनुभवी टी20 खिलाड़ी हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इस दौरान 1540 रन बनाए हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग कौशल उन्हें एक मूल्यवान खिलाड़ी बनाता है। सेफर्ट इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए 2021 में और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए 2022 में खेल चुके हैं। वह 2 करोड़ रुपये की कीमत पर आरसीबी में शामिल होंगे और 24 मई से टीम के साथ जुड़ेंगे।



## धमाकेदार शुरुआत करने के बाद पटरी से उतर गई दिल्ली कैपिटल्स की गाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में दिल्ली कैपिटल्स टीम का प्लेऑफ में जाने का सपना टूट गया है। डीसी को आईपीएल 2025 के 63वें मैच में मुंबई इंडियंस ने 59 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही पांच बार की चैंपियन एमआई की टीम एक बार फिर प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। एमआई के लिए आईपीएल 2025 की शुरुआत जिस तरह से हुई थी, उसके अनुसार उनका प्लेऑफ तक पहुंचना सराहनीय है। वहीं, डीसी की गाड़ी अच्छी शुरुआत के बाद भी पटरी से उतर गई। आईपीएल 2025 में एक के बाद एक लगातार चार मैच जीतकर धमाकेदार शुरुआत करने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम एक समय शानदार लग रही थी। लेकिन उसके बाद उन्हें अहम मौकों पर हार का सामना करना पड़ा।

खास बात यह है कि डीसी को पहली हार एमआई के ही खिलाफ मिली थी। इस हार के बाद डीसी की लय कभी पहले जैसी नहीं रही। आईपीएल के इतिहास पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि अक्सर शानदार शुरुआत के बाद भी कई टीमों को प्लेऑफ में जाने में सफलता नहीं मिलती है। इसका बड़ा कारण लीग स्टेज का लंबा होना है। डीसी के साथ 2016 सीजन में भी ऐसा हो चुका है, जब यह टीम शुरुआत के 7 मैचों में 5 मुकाबले जीतने के बाद भी प्लेऑफ में नहीं जा पाई थी। बिल्कुल यही स्थिति सीजन 2022 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ थी। पंजाब किंग्स की टीम भी सीजन 2018 में शुरुआती छह मैचों में पांच जीत के बावजूद प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई थी। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2025 सीजन अधिक निराशाजनक साबित हुआ है। इसका कारण यह है कि वह पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने शुरुआत के लगातार चार मैच जीतने के बाद भी प्लेऑफ में जगह हासिल नहीं की।

## दिल्ली कैपिटल्स के इस खिलाड़ी ने आचार संहिता का किया उल्लंघन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल की एक विज्ञप्ति में कहा गया, मुकेश कुमार ने अनुच्छेद 2.2 के लेवल एक के उल्लघंन को और मैच रेफरी का जुर्माना स्वीकार कर लिया है। आईपीएल 2025 में बुधवार को मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की की। हार के साथ-साथ दिल्ली के एक खिलाड़ी पर आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में भारी जुर्माना लगा है। दिल्ली के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मुकेश को अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक के उल्लघंन के लिए एक डिमेरिट अंक भी दिया गया जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को वानखेड़े में मुंबई इंडियंस से 59 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।



# बहुत तकलीफ में हैं हिटमैन

### आईपीएल 2025 के बाद रोहित शर्मा का ऑपरेशन!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट करियर को अलविदा कहा है, वो पहले ही टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं. ऐसे में रोहित अब केवल ओडीआई मैच ही खेलेंगे. हिटमैन अभी आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं, जिसमें वो 11 मैचों में 300 रन बना चुके हैं. अब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि आईपीएल 2025 समाप्त होने के बाद रोहित बाईं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवा सकते हैं. चूंकि रोहित अब सिर्फ ओडीआई मैच खेलेंगे और टीम इंडिया की अगली वनडे सीरीज बांग्लादेश के खिलाफ है, जो 17 अगस्त से शुरू होगी. आईपीएल 2025 का समापन 3 जून को होगा और उसके बाद रोहित को सर्जरी से उबरने के लिए करीब ढाई महीने का समय मिल सकता है. क्रिकब्लॉगर के हवाले से एक सूत्र ने बताया, रोहित शर्मा अगर 2027 वर्ल्ड कप में खेलना चाहते हैं तो यह उनकी सर्जरी के लिए सबसे सही समय है. रोहित कप्तान होने की जिम्मेदारी के कारण इस चोट को कई सालों से ढो रहे हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद का शेड्यूल उन्हें सर्जरी से उबरने में मदद करेगा. इस मामले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड या रोहित शर्मा की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है.



#### रोहित ने अब तक क्यों नहीं करवाई सर्जरी

रोहित शर्मा ने सर्जरी करवाने में देरी क्यों की? इस पर सूत्र ने बताया कि तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया की कप्तानी के कारण उनके कंधों पर जिम्मेदारियों का बोझ था. चूंकि अब उन्हें केवल ओडीआईफॉर्मेट पर ध्यान लगाना होगा, ऐसे में आईपीएल 2025 के बाद मिलने वाले ब्रेक का रोहित फायदा उठा सकते हैं. बताते चलें कि रोहित शर्मा पूरे आईपीएल 2025 में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलते आए हैं. वो ऐसा क्यों कर रहे हैं, इसकी वजह का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन हैमस्ट्रिंग इंजरी इसका एक मुख्य कारण हो सकती है.

## टॉटेनहॅम हॉटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीता

- फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया, ब्रेनन ने मैच का इकलौता गोल किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टॉटेनहॅम हॉटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने गुरुवार एथलेटिक बिलबाओ के सैन मैम्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया।

इसी के साथ टॉटेनहॅम का यूरोपीय ट्रॉफी के लिए 41 साल का इंतजार खत्म हो गया। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टॉटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। टॉटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। ब्रेनन जॉनसन ने मैच का इकलौता गोल किया। मैच में दोनों टीमों के लिए मौके बनाना मुश्किल था। हालांकि, 42वें मिनट में टॉटेनहॅम को सफलता मिल गई। ब्रेनन जॉनसन ने मैच के 42वें मिनट में गोल किया। गोल का जश्न मनाते ब्रेनन।

टॉटेनहॅम ने 17 साल बाद कोई मेजर ट्रॉफी जीती है। टीम ने अपना पिछला बड़ा खिताब 2008 में जीता था.

## आईपीएल के उभरते सितारे सूर्यवंशी और म्हात्रे इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल





**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के उभरते स्टार खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे को इंग्लैंड के आगामी दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। इन दोनों ने टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में अपने-अपने पक्ष के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। म्हात्रे इस दौरे पर टीम की अगुवाई करेंगे, जिसमें 24 जून से 23 जुलाई तक 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैचों की यूथ वनडे सीरीज और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच शामिल हैं। मुंबई के अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे का डिप्टी नियुक्त किया गया है। सूर्यवंशी ने महज 14 साल की उम्र में आईपीएल में सबसे कम उम्र के शतक बनाने के बाद सुर्खियां बटोरीं। पिछले साल की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। सात मैचों में, इस किशोर ने एक शतक और एक अर्धशतक सहित 252 रन बनाए हैं। दूसरी ओर, म्हात्रा को चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की चोट के कारण मध्य सत्र में टीम में शामिल किया गया था। 17 वर्षीय मुंबई के बल्लेबाज ने पीली जर्सी में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और चेन्नई की कमजोर बल्लेबाजी इकाई में तुरंत प्रभाव डाला है। सलामी बल्लेबाज ने छह मैचों में 206 रन बनाए हैं, जिसमें एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 94 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी भी शामिल है।

यह जोड़ी पिछले साल यूएई में अंडर-19 एशिया कप में भारत की उपविजेता टीम का भी हिस्सा थी। अन्य उल्लेखनीय चयन में पंजाब के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा और केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान शामिल हैं, दोनों ने चेन्नई और पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024 युवा श्रृंखला के दौरान प्रभावित किया।

#### भारत अंडर19 टीम:

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप–कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह। **स्टैंडबाय खिलाड़ी:** नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)।

डब्ल्यूडब्ल्यूई के बाद

## हॉलीवुड में तबाही मचाने को तैयार रोमन रेंस, मिल सकता है ये बड़ा रोल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोमन रेंस को प्रोफेशनल रेसलिंग में एक बड़ा नाम माना जाता है और वह डब्ल्यूडब्ल्यूई के इतिहास में सबसे महान सुपरस्टार्स में से एक माने जाएंगे। उनकी लोकप्रियता ने उन्हें मनोरंजन जगत में भी एक बड़ा नाम बना दिया है। रोमन रेंस कुछ फिल्म प्रोजेक्ट्स में पहले भी नजर आ चुके हैं। पिछले साल एक बड़ी हॉलीवुड फिल्म में अपनी पहली प्रमुख भूमिका के बाद रेंस को एक और बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। 21 मई, 2025 को डेडलाइन ने रिपोर्ट किया कि रोमन रेंस लोकप्रिय वीडियो गेम स्ट्रीट फाइटर के लाइव-एक्शन वर्जन का हिस्सा बनने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

#### अभी तक कुछ फाइनल नहीं

फाइटफुल के अनुसार, अभी तक कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। उन्होंने फिल्म और गेमिंग इंडस्ट्री में इस बारे में जानकारी हासिल की। हालांकि, वे यह रिपोर्ट करने में सक्षम थे कि रेंस को अकुमा के किरदार के लिए विचार किया जा रहा है। वीडियो गेम्स में अकुमा एक भावहीन और शक्तिशाली योद्धा है। फरवरी में यह खबर आई थी कि डायरेक्टर किताओ सकुराई इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने डैनी और माइकल फिलिप्पो की जगह ली है, जो अप्रैल 2023 में इस प्रोजेक्ट से जुड़े थे। यह तब हुआ जब लेजेंडरी ने स्ट्रीट फाइटर आईपी के विशेष फिल्म और टीवी अधिकार हासिल कर लिए।

## 23 मई को नीरज और वेबर फिर आमने-सामने, दोनों ने दोहा में 90+ मीटर भाला फेंक कर मचाया था तहलका

**चोरजोव (पोलैंड), एजेंसी।** नीरज 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है। पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और जूलियन वेबर एक बार फिर आमने सामने होंगे। दोनों ही शुक्रवार को ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका, लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया।





#### नीरज और वेबर के साथ होंगे पीटर्स

2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। ग्रेनाडा दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डारे (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं।

#### 90 मीटर फेंक कर राहत महसूस कर रहे नीरज

नीरज 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे।